हिन्दी दैनिक

जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए




dku live & dkunews24

वर्ष : 04 अंक–88 : जौनपुर, शनिवार 21 मई 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया


## यूपी के सभी परिवारों का कार्ड बनाकर आधार से जोड़ेगी सरकार : एक सदस्य को देगी रोजगार

लखनऊ ब्यूरो : योगी सरकार प्रदेश भर के लोगों के सामाजिक और आर्थिक स्थिति की स्थिति के सटीक आकलन के लिए परिवार कार्ड बनाने जा रही है। यह कार्ड आधार से लिंक होगा। एक परिवार को कम से कम एक रोजगार की दिशा में यह कार्ड बड़ा कदम साबित होगा। परिवार कार्ड बनने तक राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा। संकल्प पत्र में अगले पांच वर्षों में एक परिवार को कम से कम एक रोजगार देने का संकल्प लिया गया था। इसके लिए योगी सरकार लगातार प्रयत्नशील है। सरकार विभिन्न योजनाओं और रिक्त पदों पर भर्ती करके इसे पूरा करने में जुटी हुई है। इसके लिए सरकार को प्रदेश में सभी परिवारों की सामाजिक और रोजगार संबंधी स्थिति की जानकारी आवश्यक है। योगी सरकार इसके लिए बड़ा कदम उठाने जा रही है। सरकार सभी परिवारों का कार्ड बनाने जा रही है। इस कार्ड में परिवार के बारे में सभी जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार में कितने सदस्य हैं, उनकी उम्र कितनी है, कौन–कौन नौकरी करता है या रोजगार से जुड़ा हुआ है, यह सभी जानकारियां दर्ज होंगी। परिवार कार्ड को आधार से लिंक किया जाएगा। इस आधार पर सरकार के पास सटीक जानकारी होगी कि किन परिवारों में एक भी व्यक्ति रोजगार से




नहीं जुड़ा हुआ है। परिवार की सामाजिक स्थिति क्या है। इस आधार पर सरकार अपनी विभिन्न रोजगार योजनाओं से जोड़कर रोजगार उपलब्ध कराएगी। यह योगी सरकार का बड़ा कदम साबित होगा। जब तक लोगों का परिवार कार्ड नहीं बन जाता है तब राशन कार्ड को ही आधार माना जाएगा।

## 135 वर्षो से संचालित है अखिल भारतीय कायस्थ महासभा् राकेश श्रीवास्तव

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : अखिल भारतीय कायस्थ महासभा 5680 की एक आकस्मिक बैठक मियापुर स्थिति कैंप कार्यालय पर हुई, जहां सगठन में हर माह कम से कम एक कार्यक्रम करने व कायस्थ समाज के लोगो को ज्यादा से ज्यादा महसभा से जोड़ने पर चर्चा हुई, साथ ही यह तय हुआ की आगामी 5 जून को महिला शाखा के कार्यकारिणी का विस्तार एक कार्यक्रम कर किया जायेगा, जहा कुछ नए लोगो को महासभा से जोड़ा जाएगा। इसके बाद युवा शाखा का विस्तार किया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित कायस्थ बंधुओ को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का राष्ट्रीय स्तर पर गठन सन 1887 में हुआ था, पहला राष्ट्रीय अधिवेशन लखनऊ में हुआ जहा स्व. जय प्रकाश लाल दीवान(डुमरांव) को राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था, सन 1925 में जौनपुर सिपाह में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में डा. राजेंद्र प्रसाद जी (आजाद भारत के प्रथम राष्ट्रपति) को 33 वा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया था , वर्तमान में हम लोगो के 80वें राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह प्रयागराज है, जो 135 वर्षो से कायस्थ समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही



है। इस मौके पर सब लोगो ने भगवान चित्रगुप्त की आरती कर एकता तथा लोक कल्याण की कामना की। इस अवसर पर वरिष्ठ संरक्षक आनंद मोहन श्रीवास्तव, संरक्षक राज कपूर श्रीवास्तव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्याम रतन श्रीवास्तव, संगठन मंत्री शशि श्रीवास्तव, जिला सचिव मनीष श्रीवास्तव, मिलन श्रीवास्तव, विजय श्रीवास्तव, विमल श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव सहित स्वजातीय कायस्थ बंधु उपस्थित रहे, संचालन महासचिव संजय अस्थाना ने किया।

## प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरतः प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर पर्यावरण विज्ञान विभाग के तत्वावधान में बायो डायवर्सिटी कंजर्वेशन दिवस की पूर्व संध्या पर शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि काशी हिंदू विश्वविद्यालय के प्रो. ज्ञानेश्वर चौबे ने कहा कि बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन हमें अपने घर से शुरू करने की जरूरत है, हमें अपनी आवश्यकताओं को पूरा करते हुए प्रकृति संरक्षण पर ध्यान देने की जरूरत है। नहीं तो कार्बन फुटप्रिंट जो प्रदूषण को इंडिकेट करता है से क्लाइमेट चेंज द्वारा हमारी बायोडायवर्सिटी के लिए बहुत ही घातक साबित हो रहा है स विश्व की एक्स्पोनेंशियल ग्रोथ से बढ़ती हुई जनसंख्या, इकोनामिक ग्रोथ, साइंस एंड टेक्नोलॉजिकल ग्रोथ से एक्सप्लोइटेशन प्रोसेस के तहत हम विभिन्न क्षेत्रों जैसे कृषि, इंडस्ट्री, टूरिज्म, शहरीकरण से प्रदूषण की समस्या दिन पर दिन बढ़ती चली जा रही है। इसका प्रभाव पारिस्थितिकी क्षरण, क्लाइमेट चेंज, लॉस ऑफ कीस्टोन स्पीशीज और बायोडायवर्सिटी क्षरण पर पड़ता है। इस अवसर पर अध्यक्षता कर रहे छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. अजय द्विवेदी ने पहले के समय में किस तरह से बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन हेतु कार्य पर इंगित करते हुए कहा



कि पूरे विश्व को बाजार के रूप में देखा जा रहा है और कामर्शियल लाइजेशन बायोडायवर्सिटी लॉस पर ही हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब हम प्रकृति पर अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाते हैं तो प्रकृति अपने आप को बैलेंस करती है। ऐसे में समेकित विकास सस्टेनेबल डेवलपमेंट वर्ल्ड डेवलपमेंट की तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रो. अजय प्रताप सिंह प्रो. प्रदीप कुमार डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ एस पी तिवारी, प्रो राजेश शर्मा , ऋषि श्रीवास्तव एवं छात्र एवं छात्राओं की उपस्थित रहीं ।संचालन डॉ विवेक कुमार पाण्डेय ने एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुधीर कुमार उपाध्याय ने किया ।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आईजीआरएस के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायत डिफॉल्टर लिस्ट में न जाने पाये और उसका निस्तारण गुणवत्तापूर्वक अवश्य कराए। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता सिंचाई एवं जल संसाधन, अधिशासी अभियंता नलकूप यांत्रिक, अधीक्षण अभियंता विद्युत प्रथम, द्वितीय, तृतीय चतुर्थ, शाहगंज, मछलीशहर, अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड, निर्माण खंड, निर्माण खंड द्वितीय, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अधिशासी अभियंता शारदा सहायक खंड 36 सिंचाई, उपनिदेशक कृषि, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उप संचालक चकबंदी, उपायुक्त वाणिज्य कर विभाग, अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, औषधि निरीक्षक खाद सुरक्षा, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, उद्यान अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा, जिला कमांडेंट होमगार्ड, कार्यक्रम अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, जिला विकलांग कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सेवायोजन अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी का शिकायत डिफॉल्टर लिस्ट में होने पर नाराजगी व्यक्त किया और कहा कि निस्तारण न होने पर प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से एक–एक कर शिकायत के संबंध में जानकारी प्राप्त की और निर्देश दिया कि शिकायतकर्ता से बात करे और उनकी समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, उप जिलाधिकारी केराकत राकेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी संतोष विक्रम शाही, जिला पंचायत राज अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मुख्य विकास अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर कृषक भ्रमण दल को किया रवाना

जौनपुर सू.वि. : कृषि भवन परिसर से शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने जनपद में गठित कृषक उत्पादन संगठनों के 15 प्रगतिशील कृषको को पतंजलि योगपीठ के ऑर्गेनिक रिसर्च प्रशिक्षण सेंटर के लिये रवाना किया। यह भ्रमण दल 22 से 24 मई तक पतंजलि रिसर्च सेंटर पर एफपीओ को वेहतर उत्पादन, प्रॉसेसिंग, ग्रडिंग, पैकेजिंग, भंडारण, मार्केटिंग, गौशाला प्रबंधन आदि से प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। भ्रमण दल को रवाना करते हुए सीडीओ ने बताया कि जनपद के किसान पतंजलि रिसर्च सेंटर पर भ्रमण कर आमदनी बढ़ाने के तौर तरीकों को सीखकर कृषि के सतत विकास में योगदान करेंगे। आत्मा योजनान्तर्गत अंतराज्यीय कृषक भ्रमण दल के साथ उप कृषि निदेशक जय प्रकाश, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. राजेश कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी रमेश



चंद्र यादव प्रशिक्षण में सहयोग करेंगे। भ्रमण दल में योजना सहायक शरद पटेल, संध्या सिंह, दुर्गा मौर्या, अमित सिंह, जयन्त सिंह, ज्ञान तिवारी, कमलेश यादव, विसाल सिंह, आदि प्रगतिशील कृषक रवाना हुए।

## जिलाधिकारी द्वारा नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सौदर्रीकरण के सम्बन्ध में की गई चर्चा

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा कराए जा रहे सौदर्रीकरण के सम्बन्ध में चर्चा की। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन जिन नगर पंचायतों के निकायों के कार्य अवशेष हैं उसको अतिशीघ्र टेंडर कराकर कार्य को गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें साथ ही नियमानुसार टीम गठित कराकर कार्यों की गुणवत्ता की जांच करायें। उन्होंने वित्त आयोग और राज्य वित्त से किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा नगर पंचायतवार की और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिये। उन्होंने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान कहा कि जिन निकायों में जो लक्ष्य निर्धारित किया गया है उसे शत–प्रतिशत पूर्ण कराये अन्यथा अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने निर्देशित किया कि वर्तमान समय डिजिटल युग का है अतः अधिक से अधिक ट्रांजेक्शन डिजिटल माध्यम से कराने का प्रयास करें और आम जनमानस को डिजिटल लेनदेन के लिए जागरूक करें। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट कुल्हनामऊ के स्थिति की जानकारी प्राप्त की और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## मे क्वीन बॉल सह व्यक्तित्व प्रतियोगिता का आयोजन 28 मई को निर्धारित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय बरेली। बरेली क्लब बरेली शहर का सबसे प्रतिष्ठित क्लब रहा है और इसकी 130 साल से अधिक की विरासत है। क्लब ने हमेशा बौद्धिक और सांस्कृतिक आदान–प्रदान को प्रोत्साहित किया है। बरेली क्लब हर साल एक सिग्नेचर मेगा इवेंट यानी मे क्वीन बॉल सह व्यक्तित्व प्रतियोगिता का आयोजन करता है, इस साल यह आयोजन 28 मई 2022 को निर्धारित है। यह कार्यक्रम महत्वाकांक्षी युवा प्रतिभाओं के लिए एक मंच प्रदान करेगा। यहां यह उल्लेख करना उचित है कि विश्व प्रसिद्ध प्रियंका चोपड़ा इस प्रतिष्ठित आयोजन की पूर्व विजेता रही हैं। हमें यह घोषणा करते हुए हो रही है कि हमने दो अतिरिक्त श्रेणियां पेश की हैं जो मे प्रिंसेस और मे प्रिंस हैं। यह कार्यक्रम बरेली शहर के युवाओं और बरेली में पढ़ने वाले छात्रों के लिए खुला है, यह आयोजन आकर्षण का एक बड़ा स्रोत रहा है और निश्चित रूप से युवा इच्छुक प्रतिभागियों को आत्मविश्वास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक लॉन्चिंग मंच प्रदान करेगा। बरेली क्लब पूरे बरेली से सभी उत्साही लोगों से फॉर्म आमंत्रित करता है। यह प्रतियोगिता जीवन में एक बार आत्म सम्मान और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यक्तित्व विकास में विशेषज्ञता वाले पेशेवरों द्वारा तैयार किए जाने का अवसर प्रदान करती




है। उन्हें साहसी और आत्मविश्वासी व्यक्तियों के रूप में आकार देना। यह ग्लिट्ज और ग्लैमर की रात होगी क्योंकि बरेली अपना अगला राजा और रानी चुनता है। जूरी में परिपक्व और अनुभवी सदस्य होते हैं जो अपने संबंधित क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं। पारदर्शिता और निष्पक्ष निर्णय सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षक का दंड है।श्रीमती मीनाक्षी बुटेल और श्रीमती सनी चावला, ब्रिगेडियर आदर्श बुटेल, कर्नल अनिल खजूरिया और राजा चावला ने उक्त जानकारी दी।


## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - dku live चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक


## राजस्व वसूली में तेजी लाएं अफसर – डीएम

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : जिलाधिकारी सभागार में जिलाधिकारी विजय किरन आनंद की अध्यक्षता में कर कंतेनर अधिकारियों के साथ बैठक कर शत प्रतिशत राजस्व वसूली करने का दिया निर्देश जिलाधिकारी ने वाणिज्य कर अधिकारी को निर्देशित किया कि किराना मिठाई दवाई सहित अन्य दुकानों पर कर वसूली को बढ़ाने के लिए कंप्यूटर में ऐसा डिवाइस लगाया जाए जिसको संबंधित अधिकारी कभी भी जाकर चेक कर सके कि उनके कंप्यूटर से कितनी पर्चियां निकली हैं जिससे दुकानों पर होने वाली कर चोरी रुक कर राजस्व वसूली अधिक से अधिक बढ़ाया जाए यह तभी संभव है जब संबंधित अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन



करते हुए दुकानों पर होने वाली बिक्रीयों को सही तरीके से ना दर्शा कर कंप्यूटर में करो को कम दर्शा कर चोरी करने का कार्य किया जाता है इस को रोकना नितांत आवश्यक है वाणिज्य कर अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए प्रतिदिन रूटीन के विपरीत दुकानों को चेक कर राजस्व वसूली को शत प्रतिशत बढ़ाने का कार्य करें। डीएम विजय किरन आनंद ने विभिन्न अधिकारी से राजस्व वसूली में तेजी लाए जाने को कहा। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। हर विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 100 फीसद वसूली का कार्य पूरा करें। डीएम ने अधिकारियों से कर करेत्तर, वाणिज्यकर, स्टांप एवं निबंधन, आबकारी, परिवहन, ऊर्जा, वन विभाग, मनोरंजन कर विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विभाग, खनन, कृषि विपणन, मंडी समिति, लोक निर्माण विभाग व भू–राजस्व, नगर विकास, सिंचाई आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में डीएम ने कर करेत्तर एवं लक्ष्य वसूली के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने बकाया वसूली की प्राप्ति के लिए समस्त तहसीलदार एवं डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर को टीम बनाकर वसूली करने के निर्देश दिए। मासिक लक्ष्य के अनुरूप शत–प्रतिशत वसूली के साथ ही समस्त विभागों के अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष वसूली बढ़ाने के निर्देश दिए। बैठक में एडीएम वित्त राजेश कुमार सिंह जिला आबकारी अधिकारी विजय प्रताप सिंह वाणिज्य कर अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## महिलाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने के लिए बीसी सखी के साथ डीएम ने किया बैठक

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : महिलाओं को सशक्त आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ ग्रामीण इलाकों की महिलाओं हेतु बीसी सखी की योजना लाई ताकि गांव की महिलाएं एक समूह बनाकर प्रदेश सरकार के चल रही लाभप्रद



योजनाओं जैसे मनरेगा योजना का भुगतान मजदूरों को बैंक तक न जाकर उन्हें गांव में ही भुगतान किया जाए विद्युत बिल का भुगतान महिलाएं घर घर जाकर बील को जमा करें जिससे महिलाएं लाभान्वित हो सके महिलाओं को 4000 वेतन के अलावा कमीशन दिया जाता है जिससे ग्रामीण महिलाओं की जीविकोपार्जन सही तरीके से चल सके और महिलाएं आत्मनिर्भर हो सकें जिलाधिकारी अपने कार्यालय में बीसी सखी महिलाओं के साथ बैठक कर उनके कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए उनके द्वारा प्राप्त हुई समस्याओं के समाधान हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया जिससे बीसी सखी महिलाओं की समस्याओं का समाधान त्वरित गति से हो सके और महिलाएं अधिक से अधिक लाभ कमा सकें।


facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram


–सुविचार–

आध्यात्मिकता में सर्व समस्याओं का समाधान निहित है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

# सम्पादकीय

## युद्ध के दौर में मुद्रास्फीति : कोई नहीं जानता कि अर्थव्यवस्था के वास्तविक आंकड़े हैं क्या

खुदरा मुद्रास्फीति का 7.8 फीसदी का मौजूदा आंकड़ा चिंता का कारण जरूर है, लेकिन बहुत ज्यादा इसलिए नहीं, क्योंकि महंगाई फिलहाल पूरी दुनिया की सच्चाई है। यह जानना जरूरी है कि स्वतंत्रता मिलने के बाद, एक गरीब देश होने के बावजूद, भारत अपने सटीक सांख्यिकीय आंकड़ों के लिए गर्व करता रहा था। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि अचूक सांख्यिकीय आंकड़ों की वह परंपरा धीरे–धीरे खत्म होती चली गई।

आज देश की अर्थव्यवस्था से संबंधित आंकड़े इतने गूढ़ हो चुके हैं कि कोई नहीं जानता कि वास्तविक आंकड़े हैं क्या। मौजूदा परिदृश्य पर सोचें, तो जिज्ञासा होती है कि क्या आज हमारे पास बहुत अधिक नकदी है? या कृषि क्षेत्र में उत्पादन कम रह गया है? या कि हमारी अर्थव्यवस्था के लिए ये दोनों बातें सही हैं? मुश्किल यह है कि सरकार की तरफ से इन दोनों मुद्दों पर जो प्रतिक्रियाएं आई हैं, वे एक दूसरे से पूरी तरह अलग हैं।

मौजूदा मुद्रास्फीति बहुत अधिक चिंतित करने वाली इसलिए नहीं होनी चाहिए, क्योंकि कृषि/खाद्य पदार्थों की कीमत अगर लंबे समय तक बढ़ती रहती है, तो इससे जुड़ा व्यापार कृषि क्षेत्र के हित में होता है। अगर खाद्य पदार्थों की बढ़ी कीमत का लाभ उत्पादकों को होता है, तब सिर्फ शहरी मध्यवर्ग को नुकसान होता है। ऐसे में, जायज सवाल यही है कि क्या ग्रामीण भारत में बसे कृषि उत्पादकों को वाकई अपने उत्पादों की ऊंची कीमत मिल रही है।

इस मामले में खाद्यान्न निर्यात से जुड़ा सरकार का फैसला सच्चाई बताने के लिए काफी है। पहले गेहूं निर्यात बढ़ाने की बात कहने वाली सरकार ने बाद में शहरी बाजार को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कलाबाजी खाई और निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया। जब पूरी दुनिया गेहूं निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के हमारे फैसले के खिलाफ हुई, तो सरकार ने निर्यात में मामूली रियायत दी। क्या इस पूरे मामले में कभी किसानों से सुझाव लिए जाने की जरूरत भी महसूस की गई? समस्या दरअसल कहीं और है।

रूस, बेलारूस और चीन मिलकर पोटाश और दूसरे आवश्यक उर्वरकों का भारी मात्रा में उत्पादन करते हैं। अगर किन्ही वजहों से इन उर्वरकों की आपूर्ति रुकती है या फिर इनके दाम बढ़ते हैं, तो कृषि उत्पादों की बढ़ी हुई कीमत का लाभ नहीं मिल पाता। ऐसे में, मुद्रास्फीति को हतोत्साहित करने वाली नीति चाहिए, जो कृषि की बढ़ती लागत का किसानों के हित में समाधान निकाले और निर्यात को आगे बढ़ाए।

ऐसे में, बेहतर तो यही होता कि एक तरफ निजी गेहूं निर्यात को जारी रखते हुए किसानों को आर्थिक लाभ उठाने का मौका दिया जाए, दूसरी ओर, खेती की बढ़ती लागत पर गहरी नजर रखी जाए और संभव हो, तो किसानों को सब्सिडी का लाभ दिया जाए। ईंधन के क्षेत्र में तो विचित्र स्थिति है। एक तरफ रूस से कम कीमत पर पेट्रोलियम खरीदा जा रहा है, दूसरी ओर, सरकार का राजस्व बढ़ाने के लिए घरेलू स्तर पर पेट्रो उत्पादों पर टैक्स लगातार बढ़ाया जा रहा है।

पेट्रो उत्पादों पर लगे टैक्स में अगर भारी कटौती हो, तो उसका दो स्तरों पर प्रभाव पड़ेगा। पहला असर यह पड़ेगा कि टैक्स घटने से सरकार का राजस्व घट जाएगा। लेकिन दूसरा असर यह होगा कि इससे तमाम वस्तुओं की लागत घटेगी, जिससे कुल उत्पादन बढ़ेगा, और जिससे आखिरकार सरकार का राजस्व भी बढ़ेगा। ऐसे में, पेट्रो उत्पादों के मामले में वित्त मंत्रालय का आकलन पूरी तरह गलत है। लेकिन यही काफी नहीं है।

यूक्रेन मुद्दे पर रूस के साथ खड़े होने की हमें सिर्फ कूटनीतिक ही नहीं, आर्थिक कीमत भी चुकानी पड़ रही है। ऊंचाई पर जाती जिस मुद्रास्फीति से आज हम परेशान हैं, वस्तुतः उसके बीज तभी पड़ गए थे, जब महामारी की पहली लहर के समय पूरे देश में लॉकडाउन लगाना पड़ा था और करोड़ों कामगार पैदल चलकर अपने गांव पहुंचे थे। हमारा देश उस आर्थिक सदमे से बाहर निकल ही रहा था कि रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया।

हालांकि दूसरे धनी देशों की तुलना में हमारा आर्थिक प्रदर्शन तुलनात्मक रूप से बेहतर रहा है। पर अब हमें अर्थव्यवस्था के संगठित क्षेत्र पर कठोर नजर रखने की जरूरत है। संगठित क्षेत्र के पास भारी नकदी है, जबकि उसने खुद को मूलतः कृषि और विनिर्माण क्षेत्रों तक ही सीमित कर रखा है। जाहिर है, रिजर्व बैंक को ब्याज दर बढ़ाने के रूप में पहले ही हस्तक्षेप करना चाहिए था। विदेशी विनिमय बाजार थोड़ा जटिल है।

रुपये में कम और धीमी गिरावट से निर्यात को फायदा होता है, लेकिन रुपये में भारी टूट से निवेशकों में बाजार से अपना पैसा निकाल लेने की होड़ मच जाएगी। निर्यात ही ऐसा एक क्षेत्र है, जिसे रुपये के टूटने का लाभ होता है। लेकिन गेहूं निर्यात पर जिस तरह प्रतिबंध लगाया गया, उससे साफ है कि हम निर्यात के मोर्चे पर मौजूदा स्थिति का लाभ उठाने में भी शायद बहुत सक्षम नहीं हैं। रूस से रूबल के माध्यम से पेट्रोलियम खरीद भी दूरदर्शी सौदा नहीं है।

यूक्रेन मुद्दे पर हमारा राजनीतिक रुख भले ही हमारे हित से प्रेरित हो, लेकिन इस मामले में हमारी आर्थिक नीति भी अगर हमारी राजनीति से ही चालित हो, तो वह अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर नुकसानदेह है। याद रखना चाहिए कि सुषमा स्वराज ने वर्ष 2017 में बांग्लादेश से प्राकृतिक गैस की खरीद के मामले में बातचीत की थी। भारत को बांग्लादेश से उसी तरह प्राकतिक गैस उत्पादन के क्षेत्र में समझौता करना चाहिए, जिस तरह वह नेपाल के साथ मिलकर विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में काम कर रहा है।

इससे हमारी ऊर्जा नीति मुद्रास्फीति को बेअसर कर पाएगी। इस देश की बड़ी आबादी के लिए करीब 7.8 फीसदी की खुदरा मुद्रास्फीति बहुत ज्यादा है। लेकिन जब पूरी दुनिया ही भीषण महंगाई का सामना कर रही है, तब मुद्रास्फीति का मौजूदा आंकड़ा असहनीय नहीं होना चाहिए। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति सही दिशा में है, लेकिन हमारी आर्थिक और विदेश नीतियों में सुधार की जरूरत है। पहले कोविड, और अब यूक्रेन संकट ने पूरी दुनिया को ही हिला दिया है।

महामारी अब बेशक कमोबेश नियंत्रण में हो, पर उसकी भारी कीमत हम सब चुका रहे हैं। सभी देश आर्थिक सुस्ती और मुद्रास्फीति से जूझ रहे हैं और भारत इसका अपवाद नहीं है। लेकिन यूक्रेन संकट पर हमारे रुख से जो आर्थिक समस्याएं पैदा हुई हैं, उसके लिए जिम्मेदार तो हम खुद हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## शरीर के लिए जो महत्व रक्तवाहिकाओं का है वही महत्व परिवहन के लिए पेट्रोल पंप का है: प्रेमवती

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : शाहजहांपुर रोड पर स्थित इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप: राधेश्याम फिलिंग स्टेशन का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर बधाई देते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमवती ने कहा कि शरीर के लिए जो महत्व रक्तवाहिकाओं का होता है, वही महत्व राज्य में परिवहन के विकास के लिए अच्छे पेट्रोल पंप का होता है। जिस प्रकार रक्त वाहिकाओं के माध्यम से रक्त शरीर के प्रत्येक अंग तक पहुँच कर उसे ऑक्सीजन पहुँचाकर प्रत्येक अंग को सक्रिय रखता हैं, उसी प्रकार अच्छे पेट्रोल पंप भी राज्य के परिवहन के विकास की गति को तीव्र कर देते हैं।उन्होंने कहा कि पेट्रोल पंप को प्रदेश के भौतिक विकास की जीवन रेखा कहा जाना पूर्णतः सही होगा। जिसके लिए केन्द्र एवं प्रदेश सरकार का नेतृत्व व दूरदर्शी सोच की सराहना होती है। भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र के अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री पी के वर्मा ने कहा कि प्रदेश की वर्तमान सरकार संकल्पों की सिद्धि पर अमल करते हुए सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से



प्रदेश को निरंतर आधुनिक सुविधाओं से समृद्ध कर रही है व प्रदेशवासियों का जीवन स्तर उठाकर उनका जीवन आसान कर रही है। इंडियन ऑयल के पेट्रोल पंप " राधेश्याम फिलिंग स्टेशन के मालिक अधिवक्ता कमल किशोर ने उद्घाटन में आए सभी अतिथियों और अभ्यागतों का आभार व्यक्त किया। उद्घाटन समारोह में भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक नवीन चन्द्र चौधरी,डिस्ट्रिक्ट को ऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक धर्मेन्द्र कुमार, नोटरी अधिवक्ता राज कुमार रावत,मुरलीधर दिवाकर,केदारनाथ,संरक्षक राधेश्याम,सब रजिस्ट्रार उदय भान,सुधा,राकेश कुमार गुप्ता,सुरकुट्टी,एवं ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के अध्यक्ष अम्बरीष कुमार सक्सेना सहित क्षेत्र के सैकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सहभागिता करने वाले सभी लोगों ने पेट्रोल पंप के मालिक अधिवक्ता कमल किशोर को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## 27 माह बाद सपा नेता आजम खां जेल से रिहा : शिवपाल सिंह यादव एवं अनूप गुप्ता ने किया स्वागत

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ।समाजवादी पार्टी के संस्थापक सदस्य विधायक आजम खां 812 दिन बाद सीतापुर जिला जेल से शुक्रवार को रिहा हो गए। सुप्रीम कोर्ट से गुरुवार को अंतरिम जमानत मिलने के बाद आजम खां की रिहाई का आदेश देर रात सीतापुर जिला जेल प्रशासन को मिला और आज सुबह उनकी रिहाई का इंतजाम किया गया। आजम खां सुबह 8:06 बजे जेल से बाहर आए। आजम खां की रिहाई की खबर पर उनके समर्थकों की भीड़ सुबह पांच बजे से ही जेल गेट के पास जुटने लगी थी। आजम खां के बड़े बेटे अदीब आजम सबसे पहले जेल पहुंचे। इसके बाद आजम खां के विधायक बेटे अब्दुल्ला आजम खां के साथ सपा के विधायक आशु मालिक भी सीतापुर जेल पहुंच गए। अब्दुल्ला आजम 6:55 बजे जेल के अंदर गए। आजम खां के समर्थक रामपुर, लखनऊ व अन्य जिलों से भी सीतापुर पहुंचे। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी के विधायक शिवपाल सिंह यादव भी प्रातः सात बजे सीतापुर जेल पहुंचे। वह गाड़ी में ही जेल परिसर में दाखिल हुए। आजम खां की रिहाई को लेकर जेल गेट पर कई थानों की पुलिस लगाई गई। आजम खां की रिहाई को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखा। शहर के सभी इंट्री प्वाइंट पर तैनात पुलिसकर्मी आने जाने वाली सभी गाडियों की जांच करते दिखे। वैदेही वाटिका, आरएमपी मोड़, बहुगुणा चौराहा, रोडवेज, जीआइसी चौराहा व काशीराम कालोनी के पास पुलिस मुस्तैद दिखी। जेल रोड पर कई थानों की पुलिस लगी थी। जेल से रिहा होकर बाहर आने के बाद सपा विधायक आजम खां महोली के पूर्व विधायक अनूप गुप्ता के आवास पर पहुंचे हैं। अनूप गुप्ता का घर जेल से बमुश्किल 100 मीटर की दूरी पर है। यहां करीब आधा घंटे रुकने के बाद वह सीतापुर से रामपुर के लिए रवाना हो गए। सपा विधायक आजम खां को रामपुर में विभिन्न मामलों में आरोपित होने के बाद 27 फरवरी 2020 में सीतापुर जिला जेल भेजा गया था। उनके साथ उनकी पत्नी डा तजीन फात्मा तथा छोटे पुत्र अब्दुल्ला आजम भी सीतापुर जेल भेजे गए थे। करीब 10 माह बाद पत्नी तजीन फात्मा को जमानत मिल गई थी। अब्दुल्ला आजम 15 जनवरी 2022 को रिहा हुए। जमानत मिलने के



बाद आजम खां करीब 27 महीने बाद रिहा हो गए। जिला जेल में बंद आजम खां ने विधानसभा चुनाव भी जेल से ही लड़ा। चुनाव जीतकर वह रामपुर सदर सीट से विधायक बने। बीते माह सपा विधायक से नेताओं की मुलाकात खासी चर्चा में रही। प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव की मुलाकात के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद कृष्णम भी जिला जेल पहुंचे थे। इसी दौरान आजम खां ने सपा के प्रतिनिधिमंडल के साथ पहुंचे विधायक रविदास मेहरोत्रा से मिलने से मना कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सपा विधायक आजम खां की अंतरिम जमानत मंजूर की थी। जमानत मंजूर होने के बाद से ही उनके रिहाई आदेश का इंतजार हो रहा था। गुरुवार की देर शाम तक रिहाई परवाना न मिलने की वजह से उनकी रिहाई नहीं हो सकी थी। लंबे अर्से बाद समर्थकों के बीच पहुंचे आजम ने इशारों ही इशारों में सपा मुखिया अखिलेश यादव पर निशाना साधा। आजम इधर, अखिलेश से काफी नाराज चल रहे हैं। उनके परिवार ने पहले ही उपेक्षा का आरोप लगाकर साफ कर दिया था कि अखिलेश यादव पार्टी के दिग्गज नेता का भरोसा खो चुके हैं। अब आजम ने कहा कि ज्यादा जुल्म अपनों ने ही किया है। उन्होंने यहां तक कहा कि दरख्तों की जड़ों में अपनों ने ही जहर डाला है। बोले आजम खान– जो जुल्ध्म हुआ वो भूल नहीं सकते जेल से रिहा होकर 27 माह बाद रामपुर स्थित अपने घर पहुंचे आजम खान ने समर्थकों को सम्ध्बोधित करते हुए कहा कि उनके परिवार के साथ जो–जो जुल्ध्म हुए उन्ध्हें भूल नहीं सकते। आजम ने घर पर उमड़ी भीड़ का शुक्रिया अदा किया। उन्ध्होंने कहा–मेरे शहर को उजाड़ दिया था, सिर्फ इसलिए कि यहां तुम्हारी आबादी है। तारीख को तोड़ा–मरोड़ा जा सकता है लेकिन भुलाया नहीं जा सकता।

## जन मानस व अधिकारियों का माध्यम है जन संवाद–जिलाधिकारी

सुल्ततनपुर ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : जनमानस व अधिकारियों के संवाद का सबसे अच्छा साधन है जन संवाद संध्या उपजिलाधिकारी बल्दीराय वंदना पांडेय का यह प्रयास बहुत ही सराहनीय है ऐसे आयोजनों से जनता की समस्याओं को सुनने व हल करने में सुविधा होती है उक्त बातें बल्दीराय तहसील में आयोजित जन संवाद संध्या कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिलाधिकारी रवीश गुप्त ने कही।कार्यक्रम जन संवाद संध्या में आम जनमानस व कर्मचारियों के सुंदर समागम का आयोजन उपजिलाधिकारी बल्दीराय ने जन सामान्य के सहयोग से किया।कार्यक्रम में सुंदर कांड,भजन कीर्तन के बाद शाम को कवि सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि रवीश गुप्ता ने सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया।सम्मान के क्रम में शिक्षक विजय कुमार,प्रबंधक विकास शुक्ल व रवींद्र प्रताप सिंह ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह व गुलदस्ता भेंट किया।ईंट उद्योग संघ बल्दीराय ने मुख्य वित्त अधिकारी,प्रधान संघ बल्दीराय ने मुख्य राजस्व अधिकारी, लेखपाल संघ व स्टाम्प वेंडर संघ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी,पत्रकार संघ ने पुलिस अधीक्षक की प्रतिनिधि उनकी पत्नी श्रीमती विनती को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।विभिन्न सामाजिक संगठनों व सरकारी कर्मचारियों को उनके अच्छे कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित



किया।कार्यक्रम में जनमेजय सरस्वती म्यूजिकल ग्रुप द्वारा सुंदर राष्ट्रीय गीत व भजन प्रस्तुत किया गया। इससे पूर्व हुए कवि सम्मेलन में वरिष्ठ कवि डॉ शर्मेश शर्मा बाराबंकी,विकास चौरसिया, पीयूष प्रखर,कवियत्री अखिलेश तिवारी डॉली,पुष्कर अग्रहरि ने काव्यपाठ किया।सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन कवि व पत्रकार कर्मराज शर्मा तुकांत ने किया।कार्यक्रम आयोजक उपजिलाधिकारी बल्दीराय व तहसीलदार घनश्याम भारतीय ने सभी का स्वागत व आभार व्यक्त किया।सदर उपजिलाधिकारी सी पी पाठक, तहसीलदार विदुषी, दीपांकर, मुख्य वित्त अधिकारी वरुण खरे, शमशाद हुसैन, हलियापुर प्रधान गब्बर सिंह, विजय कुमार बीही, मनोज कुमार सिंह, अनिल यादव ध्रुव पांडेय, अनिल यादव, गोकर्ण प्रधान, सहित बड़ी संख्या में आम कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।लोंगों ने इस तरह के अनोखे कार्यक्रम की प्रशंसा किया।

## सड़क सुरक्षा के तहत ट्रैफिक पुलिस व आरटीओ ने एनसीसी कैडर को किया जागरूक

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेंद्र पाल सिंह व आरटीओ श्रीमती अनीता सिंह ने संयुक्त रुप से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें आज महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के देवी शंकर सभागार में एनसीसी कैडरो के जागरूकता हेतु कार्यक्रम किया गया जिसमें आरटीओ एनसीसी डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर , जुबली इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य यातायात निरीक्षक व शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात डॉ महेंद्र पाल सिंह ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वच्छ भारत कार्यक्रम के तहत सड़कों को साफ रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है तथा यातायात से संबंधित एंबुलेंस को रास्ता देना, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करना, सिग्नल लाइट के तहत चलना तथा रेड लाइट होने पर स्टॉप लाइन से पीछे रुकना व जेबरा क्रॉसिंग के संबंध में एनसीसी कैडरों को जानकारी दी गई तथा बच्चों को बताया गया कि यहां यातायात से संबंधित दी गई जानकारी घर जाकर अपने परिवार मैं तथा आसपास के लोगों को बताए तथा आरटीओ श्रीमती अनिता सिंह द्वारा लाइसेंस से संबंधित जैसे बिना गियर की गाड़ी चलाने के लिए 16 वर्ष पूर्ण होने पर लाइसेंस बनाया जाता है तथा वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर का प्रयोग करना जीवन सुरक्षा हेतु गाड़ी को सही से चलाना तथा यातायात से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई।

## सरकारी आवासों में अवैध कब्जा जमाए पुलिसवालों से होगी वसूली

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : पुलिस जवानों द्वारा अवैध तरीके से पुलिस लाइन के सरकारी आवास में कब्जा जमाए आवासों को जल्द कराया जाएगा खाली पोस्टिंग वाले जिलों के एसपी व एसएसपी को लिखा जाएगा पत्र वसूल किया जायेगा किराया। पिछले तीन दिनों से अभियान चलाकर पुलिस लाइंस के सरकारी आवासों में वर्षों से अवैध कब्जा जमाए पुलिसकर्मियों से आवासों के खाली कराए जाने की प्रक्रिया जारी है। इधर कुछ पुलिसकर्मी शुक्रवार को एसएसपी दफ्तर पहुंचकर उनसे समय की गुहार लगाने लगे। जिसपर एसएसपी सख्त हो गए। जिसके बाद एसएसपी डॉ विपिन तांडा ने पुलिसकर्मियों से कहा कि तत्काल आवासों को खाली करें। एसएसपी ने निर्देश जारी किया कि पुलिस लाइंस में अवैध कब्जा जमाए करीब 160 पुलिस कर्मियों के वेतन से जितने दिन वे सरकारी आवासों में कब्जा जमाए रहे उसके किराए की वसूली भी की जाए। इसके लिए उन्होंने बड़े बाबू से डेटा तैयार करने को कहा है कि किस पुलिसकर्मी का कितने रुपये हो रहे हैं। जिसके बाद एसएसपी एक पत्र उन जनपदों के पुलिस कप्तान को भेजेंगे जहां पर इन अवैध कब्जाधारी पुलिस कर्मियों की पोस्टिंग है। एसएसपी ने बताया कि 160 पुलिसकर्मी वर्षों से यानि कोई 10 साल तो कोई 5 साल से पुलिस लाइंस के सरकारी आवासों में अवैध रूप से कब्जा जमाए हुए हैं। उन्हें पिछले कुछ महीनों में चार बार आवास खाली करने के लिए नोटिस भी दिया जा चुका है। लेकिन फिर भी ये खाली नहीं कर रहे हैं और तरह तरह के बहाने बना रहे हैं। जिसके बाद अभियान चलाकर आवासों को खाली कराया जा रहा है। इन पुलिसकर्मियों में कुछ की पोस्टिंग गैर जनपद हो चुकी है तो कुछ रिटायर हो चुके हैं और कुछ मृतक आश्रित के रूप में दूसरे जनपदों में तैनात हैं। फिर भी उनका परिवार पुलिस लाइंस के सरकारी आवासों में काबिज है। इससे जिले में तैनात पुलिसकर्मियों को या तो किराए पर बाहर रहना पड़ रहा है या फिर ब्लाक मुख्यालयों के सरकारी आवासों में रहना पड़ रहा है। एसएसपी ने बताया कि पुलिस लाइंस की तरह थानों के सरकारी आवासों को भी तबादला हो चुके पुलिसकर्मियों ने अवैध रूप से कब्जा जमा रखा है। पुलिस लाइंस के आवास खाली कराने के बाद अभियान चलाकर थानों के आवासों को भी खाली कराया जाएगा। जिले के लगभग 28 थानों के 280 आवासों पर पुलिसकर्मियों का वर्षों से अवैध कब्जा है। उन्हें भी कई बार नोटिस दिया जा चुका है। गोंडा में है पोस्टिंग रह रहे पुलिस लाइन के आवास में एक दीवान एसएसपी के पास आज पहुंचे। उन्होंने पत्र देकर 3 माह की मोहलत मांगी। पहले तो एसएसपी एक माह की मोहलत दे दी। लेकिन वे बार बार समस्या बताकर 3 माह की मोहलत देने को कहने लगे। जिसके बाद एसएसपी ने जमकर उन्हें लताड़ लगाई। एसएसपी ने जब पूछा कि कहां पोस्ट हो तो बताया कि गोंडा में है। दरअसल दीवान की पोस्टिंग पहले गोरखपुर में एक अधिकारी के कार्यालय में टेलीफोन ड्यूटी में थी। उनका परिवार पुलिसलाइंस के आवास में रहता था। 7 साल पूर्व उक्त दिवान तबादला बस्ती हो गया जो इस समय गोन्डा में तैनात हैं। एसएसपी डॉ विनिन तांडा ने पुलिसकर्मियों के वेतन से वसूली कराने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह एक एसआई जो वर्तमान में जीआरपी बलिया में तैनात हैं वह भी मोहलत के लिए आए थे। उन्हें एसएसपी ने एक माह की मोहलत दी है आवास खाली करने के लिए। पहले उनकी पोस्टिंग गोरखपुर में ही थी।पुलिस लाइंस के आवासों को खाली कराने में एसीएम प्रथम विनय पांडेय और सीओ लाइन राहुल भाटी जुटे हैं। राहुल भाटी ने बताया कि तीन दिन में करीब 30 पुलिसकर्मी आवासों को खुद से खाली भी कर चुके हैं। एक सप्ताह तक यह अभियान चलेगा। वर्तमान में 160 अवैध कब्जाधारियों को चिन्हित किया गया है। उम्मीद है कि एक सप्ताह में आवास खाली हो जाएंगे।

## जिला अधिवक्ता एसोसिएशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : जिला अधिवक्ता एसोसिएशन गोरखपुर अध्यक्ष कृष्ण कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा कहा कि विशेष सचिव उत्तर प्रदेश शासन न्याय अनुभव प्रफुल्ल कमल द्वारा जारी पत्र दिनांक 14 मई 2022 द्वारा अधिवक्ताओं को अराजक तत्व बताना उनके खिलाफ एकतरफा एवं क्षेत्राधिकार व अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने के हवाले से प्रदेश के अधिवक्ताओं ने भयंकर रोश है उक्त पत्र कानून के राज में बाधक है एवं अधिवक्ताओं के प्रति बदले की भावना कुठाराघात है उत्तर प्रदेश बार काउंसिल आपात बैठक कर इसके विरोध में 20 मई 2022 को विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया था उपरोक्त पत्र को अगले ही दिन वापस लेना पड़ा था जो अधिवक्ताओं की आंशिक विजय एकता को दर्शाता है परंतु अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी का पत्र दिनांक 15/5 2022 पुनः न्याय के शासन अधिवक्ता सम्मान पर कुठाराघात करता है यदि अधिवक्ताओं को विश्वास में लेकर अविलंब उपचारात्मक कदम नहीं उठाए गए तो बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सामने चरणबद्ध आंदोलन छेड़ने के अलावा कोई विकल्प नहीं रह जाएगा 22/5 2022 को बार काउंसिल उत्तर प्रदेश की आपात बैठक आयोजित की गई है जिसमें निर्णय लिया जाएगा कि आगे की क्या रणनीति अपनाई जाए जिससे अधिवक्ताओं को बराबर सम्मान मिलता रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से महामंत्री योगेंद्र कुमार मिश्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार उपाध्याय उपाध्यक्ष अजय स्वरूप पाठक उमाशंकर यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक कोषाध्यक्ष संजय कुमार सिंह संयुक्त मंत्री प्रशासन अखिलेश दुबे संयुक्त मंत्री पुस्तकालय सचिन द्विवेदी संयुक्त मंत्री प्रकाशन नरेंद्र कुमार सहित अन्य अधिवक्ता सम्मिलित रहे।

## गोरखनाथ मंदिर से उतारे गए लाउडस्पीकर को सीएम योगी ने जनहित में स्कूल को सौंपा : सबके लिए दिया है निर्देश

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस निर्णय के बाद कि धर्मस्थलों से उतारे गए लाउडस्पीकर स्कूलों को दिए जाएं, गोरखनाथ मंदिर ने दो लाउडस्पीकर जिला प्रशासन को सौंपे हैं. जिला प्रशासन की तरफ से ये लाउडस्पीकर स्कूलों तक पहुंचा दिए गए हैं. शिक्षा के मंदिरों में गोरखनाथ मंदिर के ये लाउडस्पीकर प्रार्थना, राष्ट्रगान और बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों के काम आएंगे। बता दें कि सीएम योगी ने सभी धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर की आवाज कम करने के लिए निर्देश जारी किए थे. इस निर्देश का अनुपालन पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव बेहद शांतिपूर्ण तरीके से हुआ. निर्देश जारी होते ही सबसे पहली पहल उस गोरखनाथ मंदिर से हुई जिसके पीठाधीश्वर मुख्यमंत्री स्वयं है. गोरखनाथ मंदिर में वैसे पहले से ही लाउडस्पीकरों की आवाज कम रहती थी. यहां अनावश्यक लाउडस्पीकर नहीं बजते हैं. फिर भी मुख्यमंत्री के निर्देश पर यहां मंदिर की चहारदीवारी की तरफ लगे लाउडस्पीकरों का मुंह मंदिर परिसर की ओर करने के साथ इनकी आवाज को मानक (45 डेसिबल) से भी कम कर दिया गया।

## जनपद में 1488 अपात्र व्यक्तियों ने सरेंडर किया राशन कार्ड

अयोध्या।(सरवन कुमार नगर संवाददाता) जनपद में 1488 अपात्र व्यक्तियों ने सरेंडर किया राशन कार्ड। नगर निगम क्षेत्र में 218, सदर तहसील में 251,सोहावल तहसील में 250, रुदौली तहसील में 171, बीकापुर तहसील 396 व मिल्कीपुर तहसील में 202 लोगों ने सरेंडर किया राशन कार्ड।डीएम ने दिया अंतिम अवसर।सरेंडर न करने पर होगी कार्रवाई। परिवार में कोई भी सदस्य आयकर दाता है, परिवार के किसी के पास चार पहिया वाहन अथवा ट्रैक्टर अथवा हार्वेस्टर या एसी या 5 केवीए से अधिक क्षमता का जनरेटर है वह अपात्र माने जाएंगे। 5 एकड़ से अधिक सिंचित भूमि हुई तो भी अपात्र होंगे। नगर क्षेत्र में किसी के पास 100 वर्ग मीटर से अधिक का स्वअर्जित आवासीय प्लाट या उस पर निर्मित मकान अथवा 100 वर्ग मीटर से अधिक कार्पेट एरिया का आवासीय फ्लैट हो तो वो भी अपात्र माने जाएंगे। ऐसे परिवार जिसकी समस्त सदस्यों की आय 2 लाख रुपये प्रति वर्ष से अधिक है।नगर क्षेत्र के ऐसे परिवार जिसके समस्त सदस्यों की आय 3 लाख प्रति वर्ष से अधिक है जिनके पास एक से अधिक शस्त्र लाइसेंस है।सरकारी नौकरी अथवा पेंशनभोगी परिवार है।अपात्र की श्रेणी में आएगा।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला शिक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा कराए जा रहे डाटा फीडिंग एवं कायाकल्प के तहत कराए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की और बेसिक शिक्षा अधिकारी डा. गोरखनाथ पटेल को निर्देश दिया कि यू–डायस पर डाटा फीडिंग का कार्य बहुत गंभीरता से किया जाए। आंकड़ों में गड़बड़ी करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।जिलाधिकारी द्वारा सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विद्यालयों के पुरातन छात्रों से संपर्क कर उनसे कायाकल्प के लिए प्रेरित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि पुरातन छात्रों की मीटिंग कराई जाए जिससे बच्चो को उनसे मिलकर प्रेरणा मिले। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी एक विद्यालय को गोद ले और उसका कायाकल्प कराएं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल के द्वारा 10 विद्यालयों में डेस्क–बेंच दिए जाने पर जिलाधिकारी ने प्रशंसा की और कहा कि अन्य अधिकारी भी इस पुनीत कार्य में आगे आए। बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि जनपद के व्यापारियों, पेट्रोल पंप एसोसिएशन, गैस एजेंसी, ग्राम प्रधानों को भी इस कार्य में जोड़ा जाए। जिलाधिकारी के द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी के द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य पर ताली बजाकर प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि बीएसए एक अच्छे लीडर है, नामांकन में इनके द्वारा बहुत अच्छा कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक न्याय पंचायतों में डिस्कवरी लैब बनाई जाए और ताहिरपुर में बने डिस्कवरी लैब का अवलोकन करने का निर्देश सभी खंड विकास अधिकारियों को दिया। बच्चों में क्वालिटी एजुकेशन, उनके लर्निंग लेवल में वृद्धि कैसे हो इसके संबंध में विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में भी कार्य योजना बनाकर छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जाए और जो छात्राएं अच्छे से सीखे उन्हें आगे भी भेजने का कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों में भी कार्य योजना बनाकर छात्राओं को ताइक्वांडो का प्रशिक्षण दिया जाए। जिलाधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्राइवेट स्कूलों और मदरसों की डाटा फीडिंग अवश्य करा लें और जनपद में स्मार्ट क्लासेस जिस विद्यालय में चल रही हैं उसकी फीडिंग हो जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हिमांशु नागपाल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## खड़ी ट्रक से टकराई बाइक : एक की मौत दो गम्भीर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : क्षेत्र के ताखा पश्चिम गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास खड़े ट्रक में बाइक सवार तीन युवक टकरा गए। घटना में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक पर सवार दो अन्य युवक बुरी तरह घायल हो गए। तीनों युवक एक ही बाइक पर शादी में शिरकत करने जा रहे थे। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने गंभीर हालत देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक सबरहद गाँव निवासी हेमंत (23) पुत्र पारस अपने दो साथियों रोहित (18) पुत्र गुलाबचंद और देव सोनकर (18) पुत्र लालचंद के साथ शुक्रवार रात करीब साढ़े 11 बजे एक शादी समारोह में शिरकत करने जा रहा था। ताखा पश्चिम गांव के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में उनकी बाइक जा घुसी। जिसमें तीनों बुरी तरह घायल हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने हेमंत को मृत घोषित कर दिया। दो गम्भीर रूप से घायल युवकों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मृतक हेमंत सबरहद गांव के प्रधान मुकेश राजभर का भतीजा था। जो परिवार समेत चंडीगढ़ रहता था। कुछ शादियों में शामिल होने के लिए अपने गांव आया हुआ था। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## प्राइवेट वाहनों के अवैध अधिक्रमण को हटाने के लिए मुंगराबादशाहपुर डिपो केन्द्र प्रभारी ने थानाध्यक्ष को लिखा पत्र

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर बस डिपो के सामने रोजाना लगने वाले जाम से आजिज आ कर क्षेत्रिय लोगों ने इसकी शिकायत परिवहन निगम के शीर्ष अधिकारियों से की थी। जिसमें दिखाया कि बस डिपो मुख्य गेट के सामने प्राइवेट के खड़ा कर देने से सड़क पर जबरदस्त जाम लग जाता है।इसी के परिप्रेक्ष्य में परिवहन निगम मुख्यालय लखनऊ के परिपत्र संख्या 334 रोपी/2022–प्रेस कटिंग /2022 दिनांक 19–5–2022 द्वारा निर्देश दिया गया है कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बस स्टेशनों, डिपो ,कार्यालय परिसर के निकट अवैध वाहनों को तत्काल हटवाया जाए। इसी संबंध में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रयागराज के द्वारा भी पत्र जारी किया गया है।जिस आदेश के अनुपालन में मुंगराबादशाहपुर डिपो केन्द्र प्रभारी पृथ्वी पाल ने शनिवार को थाना प्रभारी मुंगरा को पत्र लिख कर बस स्टेशन के मुख्य गेट पर लगने वाले अवैध प्राइवेट वाहनों को हटवाएं जाने की मांग किया है। इस प्राइवेट वाहनों के अवैध अधिक्रमण से जहां पर जाम की समस्या बन जाती है, वहीं दुर्घटना होने की संभावना प्रबल हो जाती हैद्यइस लिए मुख्य गेट पर लगने वाले प्राइवेट वाहनों को तत्काल हटवाना जरूरी हो गया है ।जिससे जाम और दुर्घटना की स्थिति से बचा जा सके।केन्द्र प्रभारी द्वारा थानाध्यक्ष को कार्यवाही हेतु प्राइवेट वाहनों की गाड़ी नंबर सहित सूची भी दिया गया है।

## गद्दोपुर गांव में निरीक्षण करने पहुचे बीडीओ : नव निर्मित सामुदायिक शौचालय का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में बीडीओ ने पहुचकर अस्थाई गौशाला व सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने अस्थाई गौशाले में मौजूद गोवंशों को गर्मी से बचाने के लिए निर्देश दिया। बता दें कि शुक्रवार शाम को बीडीओ धर्मापुर काशी नाथ सोनकर ब्लॉक क्षेत्र के गद्दोपुर गांव में निरीक्षण करने पहुचे। गद्दोपुर गांव के राजस्व गांव कौवापार में बने अस्थाई गौशाले का निरीक्षण करते हुए बीडीओ ने सेक्रेटरी से गोवंशों को गर्मी से बचाने व उनके लिए उचित छाव की व्यवस्था करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कोई गोवंश इस भीषण गर्मी में खुले आसमान के नीचे नही रहना चाहिए। अस्थाई गौशाले के निरीक्षण के साथ गद्दोपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय में बने सामुदायिक शौचालय का निरीक्षण किया। सामुदायिक शौचालय में साफ सफाई का विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि राम साहब यादव, सेक्रेटरी धर्मेंद्र राय, संजय श्रीवास्तव, रोजगार सेवक रोहित मिश्र आदि मौजूद रहे।

# पिस्टल के साथ गोली मारने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार : भेजा गया जेल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के मई गांव में बीते शुक्रवार को व्यवसायी को जान से मारने की नीयत से गोली मारने वाला मुख्य आरोपी को पुलिस ने शनिवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। उधर घायल स्वत्रंत मिश्र उर्फ मोनू के पैर में लगी गोली ऑपरेशन कर बीएचयू में निकाल दी गई। थानाध्यक्ष दिब्यप्रकाश सिंह ने बताया कि मई गांव निवासी मोनू मिश्र को गोली मारने वाले दो अभियुक्त सत्यम मिश्र व आकाश मिश्र को उनके बड़े पिता ने नामजद करतें हुए मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के मुख्य आरोपी आकाश मिश्र सुबह कही भागने की फिराक में था तभी जरिये मुखबीर सूचना मिली कि अभियुक्त आकाश चुरावनपुर चौराहे पर पहुँचने वाला है। सूचना पर उपनिरीक्षक मनोज सिंह व द्वारिका यादव मय हमराहियों के साथ चौराहे पर पहुँच आरोपी को धर दबोचा। आकाश के पास से घटना में प्रयुक्त पिस्टल व जिंदा कारतूस बरामद कर हत्या के प्रयास के आरोप में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार मोनू मिश्रा से आकाश का जमीनी विवाद व सत्यम से पैसे का लेनदेन का विवाद चल रहा था इसी खुन्नस में वारदात की गई।

## प्रार्थना पत्रों का समय से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें – एसडीएम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील दिवस पर एसडीएम लालबहादुर ने सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आप सब शिकायती प्रार्थना पत्रों का गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण समय से करें! इसमें किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी!इस मौके पर तहसीलदार मृदुला दुबे ने बगैर किसी सूचना के तहसील दिवस से अनुपस्थित लेखपाल संदीप जायसवाल से स्पष्टीकरण मांगा है! एसडीएम लालबहादुर की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 47 लोगों ने अपनी समस्याओं से सम्बंधित प्रार्थना दिया। मौके पर छह प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर सीओ शुभम तोदी, तहसीलदार मृदुला दुबे, बीडीओ शरद श्रीवास्तव, सहायक विकास अधिकारी रणजीत सिंह, बीईओ शैलेन्द्र त्रिपाठी, ईओ अनिल सिंह, राजस्व निरीक्षक अनिल तिवारी, सतई राम सहित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## हरपुर बुदहट पुलिस ने कुईकोल निवासी आकाश को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया था

गोरखपुर ब्यूरो राजनाराण ओझा : गोरखपुर जिले की पुलिस ने 19 मई को 3 नाबालिग बेटियों को बरामद किया है। पुलिस ने इनके अपहरणकर्ता प्रेमियों को भी गिरफ्तार किया है। सिकरीगंज पुलिस ने 19 मई को अपहरण के आरोपी बुधनापुर निवासी धीरज को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। वह प्रेमी संग दिल्ली चली गई थी। इसी प्रकार हरपुर बुदहट पुलिस ने कुईकोल निवासी आकाश को गिरफ्तार कर किशोरी को बरामद किया। वहीं बेलघाट पुलिस ने अपहरण के आरोपी अजीत उर्फ आकाश को गिरफ्तार कर नाबालिग बेटी को बरामद किया है। इसी प्रकार रोज दो से तीन अपहरणकर्ता प्रेमी को गिरफ्तार कर नाबालिग बेटियों को पुलिस बरामद करती है।

## आधार प्रमाणीकरण किये जाने की प्रक्रिया

जौनपुर सू.वि. : जिला प्रोबेशन अधिकारी अभय कुमार ने अवगत कराया है कि पति की मृत्यु उपरांत निराश्रित महिला पेंशन योजना हेतु सर्वप्रथम गुगल पर sspy&up.gov.in पर जाये, यादि लाभार्थी को अपना रजिस्ट्रेशन नंबर नही पता है जो निराश्रित महिला पेंशन सेलेक्ट करके पेंशन सूची में जाये। अपना जनपद सेलेक्ट करें विकासखण्ड सेलेक्ट करें, ग्राम पंचायत सेलेक्ट करें। मजरा सेलेक्ट करें। पूरी पेंशन सूची होगी जिससे अपना रजिस्ट्रेशन संख्या नोट कर लें, अब पुनः इन्ट्रीग्रटेड पेंशन पोर्टल पर जाये तथा लाल रंग की पट्टी आधार प्रमाणीकरण के लिए फ्लैक्स हो रही है, पेंशन का प्रकार सेलेक्ट करें। विडों पेंशन चयन करें। रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें। मोबाईल नं0 दर्ज करें। कैप्चा लिखे फिर सबमिट करे, आपके मोबाईल पर ओ0टी0पी आयेगा। ओ0टी0पी0 को दर्ज करें, तथा सबमिट करें, इस प्रकार से आपका मोबाईल नं0 आनलाईन रजिस्टर्ड हो गया। अब आपको दूसरे चरण में आधार प्रमाणीकरण करना होगा, आधार प्रमाणीकरण द्वितीय चरण में होता है अब होम पेज पर जायें पेशन लॉगिन पर रजिस्ट्रेशन नं0 यूजर आ0डी0 की तरह दर्ज होगा, तथा आपका मोबाईल न0 पासवर्ड होगा, रजिस्ट्रेशन नं0 दर्ज करें, पासवर्ड के स्थान पर मोबाईल नं0 दर्ज करें, कैप्चा लिखे एवं उसके बाद सबमिट करें, आपके मोबाईल पर दुबारा ओ0टी0पी0 आयेगां। ओ0टी0पी0 दर्ज करें। तत्पश्चात सबमिट करें, यादि आपका नाम पेंशनर सूची में आधार के सामान है तो आपका रजिस्ट्रेशन के साथ–साथ आधार प्रमाणीकरण हो जायेगा, यदि पेशनर सूची में आधार से अलग होगा। यथा नाम मे उपनाम न लिखा होना या नाम के बीच स्पेस होना या अन्य त्रुटि के कारण आपका डाटा जिला प्रोबेशन अधिकारी पोर्टल पर फारवर्ड हो जायेगा, तत्पश्चात जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा उसे वेरीफाई करने पर 24 घण्टे के बाद पुनः आधार प्रमाणीकरण की प्रक्रिया अपनायें, पेंशन सूची में नाम व आधार के नाम में अन्तर होने पर किसी भी दशा में दोबारा प्रयास न करें अन्यथा आपका डाटा लॉक हो जायेगा।

## विद्युत उपकेन्द्र नईगंज से पोषित क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित रहेगी

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सड़क चौड़ीकरण के दौरान पोल एवं तार शिफ्टिंग आदि कार्य हेतु 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र नईगंज से पोषित टाउन नम्बर 2 एवं 3 से पोषित क्षेत्रों में मोहल्ला कटघरा, मुरादगंज, कलीचाबाद, दिलाजाक, बदलापुर पड़ाव, मछलीशहर पड़ाव, फैजबाग, तारापुर कालोनी इत्यादि स्थानों पर 21 से 23 मई तक सुबह 8 बजे से 11 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस आशय की जानकारी देते हुये इं. नजम अहमद अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड तृतीय ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं जनसामान्य से अपील किया कि विद्युत कटौती अवधि में अपना सहयोग प्रदान करें।

## मनाया गया आंतकवाद विरोधी दिवस

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना परिसर मे आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया यहा पुलिस कर्मियों को आतंकवाद के खिलाफ लडने के लिए शपथ दिलाई गयी। मीरगंज थाना परिसर मे उपनिरीक्षक संदीप कुमार शर्मा ने पुलिस कर्मियों को आतंकवाद के खिलाफ शपथ दिलाई उन्होने कहा की हम भारत वासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा मे दृढ विश्वास रखते है तथा निष्ठा पुर्वक शपथ लेते है की हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति सामाजिक सद्भाव तथा सूझभबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। इस मौके पर हेड मोहर्रिल शैलेंद्र दुबे एसआई सुरेन्द्र कुमार अवधेश यादव सुरेश राम सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## मारपीट व बलवा के दो आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : खेतासराय पुलिस ने मारपीट व बलवा करने के एक मामले में वांछित 6 आरोपितों में से दो आरोपियों को शनिवार की सुबह गोरारी बाजार से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद दोनों आरोपितों का चालान न्यायालय भेज दिया। अन्य वांछितों की तलाश जारी है। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश राय के अनुसार तीन दिन पूर्व गुरुवार की शाम क्षेत्र के लेदरही गांव में पुरानी रंजिश को लेकर आधा दर्जन लोगों ने गांव के अहमदुल्ला पर जानलेवा हमला कर दिया था। बीच बचाव करने पहुंचे उसके भाई अमीरुल्लाह को भी मारा पीटा था। जिसमें दोनों भाइयों को गंभीर चोटें आई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आधा दर्जन आरोपियों की के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश कर रही थी। जिसमें वांछित आरोपित मो.राजिक निवासी लेदरही और सलमान निवासी सुम्बुलपुर को सुबह साढ़े पांच बजे गिरफ्तार कर लिया गया। शेष आरोपियों की तलाश जारी है।

## तीन लेखपालों से तहसीलदार ने मांगा स्पष्टीकरण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कार्य में शिथिलता एवं लापरवाही बरतने के आरोप में तहसीलदार मृदुला दुबे ने राजस्व निरीक्षक अरविंद पाण्डेय की रिपोर्ट पर तीन लेखपालों से तीन दिवस के भीतर स्पष्टीकरण मांगा है! राजस्व निरीक्षक महराजगंज अरविंद पाण्डेय ने लेखपाल रुक्मणी उपाध्याय, संदीप राव तथा महेंद्र राठौर पर आदेश का उल्लंघन करने, फोन न उठाने तथा बंजर भूमि की सूची मांगने के बाद भी उपलब्ध न कराने के आरोप में तहसीलदार मृदुला दुबे को पत्र भेजा था! तहसीलदार ने राजस्व निरीक्षक की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते हुए तीनों लेखपालों से स्पष्टीकरण मांगा है!

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिया वर – वधू को आशीर्वाद



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, जनपद गोण्डा के निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव के सुपुत्र चिरंजीव गौरव श्रीवास्तव एवं आयुष्मती डा. जयश्री श्रीवास्तव को शुभ विवाह की बधाई प्रेषित करते हुये नव दम्पति के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। लखनऊ के मशहूर होटल में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव के पुत्र एवं पुत्रवधू को देश के कई प्रान्तों से तथा प्रदेश के कई जनपदों से आमंत्रित राजनेताओं, गणमान्य नागरिकों, प्रशासनिक एवं रेलवे के अधिकारियों एवं बुद्धिजीवियों ने आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सोशल, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के तमाम वरिष्ठ पत्रकार उपस्थित रहे।

# 22 मई को होगा मुस्लिम वेल्फेयर सोसायटी द्वारा इश्तेमाई शादी का आयोजन



ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। मुस्लिम वेल्फेयर सोसायटी द्वारा समय–समय पर आर्थिक रूप से कमजोर लोगों की लड़कियों की शादी करायी जाती है । सोसायटी की सोशल वेल्फेयर एवं कल्चरल एक्टीवीज कमेटी के चेयरमैन खघलिद इस्लाम एवं कमेटी के सेक्रेटरी जनाब मुर्तजा अली ने संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि मुस्लिम वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पेंशन से लेकर बीमारी, शिक्षा,राशन आदि की मदद् करती है ।इसी क्रम में समय समय पर सामूहिक विवाह का आयोजन भी किया जाता है जिसमें लड़कियों को जिन्दगी जरूरत का सारा सामान देकर विदा किया जाता है । 22 मई को मुस्लिम वेल्फेयर सोसायटी की जानिब से सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया है जिसमें शहर के सम्मानित बुद्धिजीवी एवं सम्भ्रान्त नागरिकों सहित धर्म गुरुओं द्वारा मस्जिद में निकाह कराने वाले जोड़ो को आशीर्वाद देकर विदा करेंगे। मुस्लिम वेल्फेयर सोसायटी का उद्देश्य है कि मुस्लिम समाज मस्जिद में निकाह कर शादी को आसान बनाये।

## गोमतीनगर जनकल्याण महासमिति ने व्यक्त किया आभार

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। गोमती नगर जन कल्याण महासमिति के महासचिव डॉ राघवेंद्र शुक्ला ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोमतीनगर जन कल्याण महासमिति का वार्षिक उत्सव दिनांक 15 मई 2022 को बहुत धूमधाम से संपन्न हुआ, जिसकी सराहना रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, महापौर श्रीमती संयुक्ता भाटिया, अन्य उपस्थित जनप्रतिनिधि गण, आयुक्त जिला मजिस्ट्रेट एवं नगर आयुक्त सभी नागरिकों इत्यादि सभी ने किया। महासमिति के सभी पदाधिकारियों, महासमिति से संबद्ध सभी खंडों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य गण तथा नगर निगम जोन 4 के अधिकारी तथा स्टाफ एवं सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी एवं जनता जिनके सहयोग से यह वार्षिक कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, सभी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। सम्माननीय राजनाथ सिंह एवं बृजेश पाठक का विशेष आभार जिन्होंने 3 घंटे से अधिक समय उपस्थित रहकर हमारा मान बढ़ाया। प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पुलिस प्रशासन को भी धन्यवाद। इस मौके पर विशेष रुप से गोमती नगर विस्तार प्रखंड के समस्त पदाधिकारियों एवं सिटी मांटेसरी स्कूल, उसके प्रबंधक जगदीश गांधी व कर्मचारी गण को धन्यवाद दिए बिना यह प्रक्रिया अधूरी ही रह जाएगी क्योंकि उनके सहयोग से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो सका।

## 34 वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी में आतंकवाद विरोधी दिवस पर कमांडेंट डा मिश्र ने जवानो को ग्रहण कराया शपथ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) पीआरओ 34 वी वाहिनी बटालियन पीएसी भुल्लनपुर वाराणसी में शनिवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया।यह आयोजन वाहिनीं के कान्फ्रेंस हॉल में हुआ।जहाँ इस मौके पर सेनानायक डॉ.राजीव नारायण मिश्र आई.पी.एस द्वारा पीएसी बल के जवानों को आतंकवाद और उग्रवाद से निपटने के लिए शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के दौरान सेनानायक डॉ मिश्र द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अहिंसा एवं सहनशीलता में दृढ़ विश्वास रखते हुए निष्ठापूर्वक आतंकवाद और उग्रवाद का डटकर विरोध करने, मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझ–बूझ कायम करने व मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुचाने वाली विघटनकारी शक्तियों से





लड़ने की शपथ दिलाई।इस अवसर पर शिविरपाल श्री देवपाल, सूबेदार मेजर श्री रणजीत तिवारी व वाहिनी के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण सम्मिलित हुए।

## जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाइयों में हुआ विवाद : दो घायल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में जमीन के बंटवारे को लेकर सगे भाई ने अपने ही सगे भाई व भाभी को लाठी डंडे से पीटकर घायल कर दिया। मौके पर पहुची पुलिस ने दोनों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव निवासी विजय चंद मौर्य व जय चंद मौर्य दोनों सगे भाइयों में जमीन के बंटवारे को लेकर पुराना विवाद चल रहा है। आरोप है कि शनिवार दोपहर को लगभग दो बजे इसी पुराने विवाद को लेकर विजय चंद व जय चंद में गाली गलौज शुरू हो गया। इसी दौरान जय चंद अपने पुत्र शुभम के साथ विजय चंद के ऊपर लाठी डंडे से हमला कर दिया। लाठी डंडे की पिटाई से विजय चंद मौर्य (36) व उसकी पत्नी विंदु (34) घायल हो गई। मारपीट की सूचना पर जब मौके पर पुलिस पहुची तो दोनो घायलों को 108 एम्बुलेंस से अस्पताल भिजवाया। वही पुलिस को देख मारने पीटने वाले जय चंद व शुभम मौके से फरार हो गए। इस संदर्भ में पूछे जाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर लाल बहादुर सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। मौके पर पुलिस भी गयी थी। तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कुत्ते से टकराई बाइक गंभीर हालत में युवक : जिला अस्पताल रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सिकरारा थाना क्षेत्र के कलवारी गाँव निवासी अंकित यादव (20 )पुत्र स्वर्गीय सुरेंद्र प्रसाद यादव शुक्रवार साँय अपनी बाइक से एक बारात में शामिल होने गया था। आधी रात बारात से लौटते समय उसकी बाइक घर से दो किलोमीटर पहले सड़क से गुजर रहे कुत्ते से टकरा गई। जिससे उसकी बाइक असन्तुलित हो सड़क के बगल गड्ढे में पलट गई। बाइक गिरने से युवक के सिर में गंभीर चोट लग गई। अगल बगल के लोगो ने एम्बुलेंस की मदद से युवक को मछलीशहर सीएचसी भिजवाया जहाँ चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में अभी युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## टीडीएमसी स्कूल में "समर कैंप" का आयोजन संपन्न



जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : टीडीएमसी स्कूल राजेपुर ,धर्मापुर , जौनपुर में समर कैंप का आयोजन मुख्य अतिथि डॉक्टर सुभाष चंद्र सिंह (प्रधानाचार्य, बीआरपी इन्टर कॉलेज), डॉक्टर गिरीश चंद चौबे (पूर्व प्रोफेसर टीडी कॉलेज) एवं डॉ (कैप्टन) इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों के लोअर, मिडल तथा सीनियर क्लास के अलग–अलग ग्रुप बनाकर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं कराई गई। कैम्प में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रतियोगिता, स्पीच प्रतियोगिता, नृत्य व विभिन्न प्रकार के मनोरंजक व ज्ञानवर्धक खेल आदि कराये गए। खेल–कूद शारीरिक व मानसिक दोनों ही दृष्टि से बच्चों के विकास के लिए आवश्यक होता है। डॉ सुभाष चंद्र सिंह ने टीडीएमसी के सभी शिक्षकों को बधाई दी और कहा की उनके द्वारा इन बच्चों में अनुशासन, संस्कार, विषय ज्ञान नई दिशा में दिया जा रहा है। डॉ गिरीश चंद्र चौबे ने विद्यालय के द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यहां निरंतर बच्चों के लिए नई नई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर (कैप्टन) इंद्रजीत सिंह ने कहा निश्चित तौर से छुट्टियां बच्चों में उत्साह भर्ती हैं। बच्चों को खेल कूद के साथ–साथ निरंतर अध्ययन भी करते रहना चाहिए। प्रबंधक दिलीप सिंह ने कहा कि शिक्षा से ही बालकों में अनुशासन का विकास होता है जिसमें शिक्षक की भूमिका अहम होती है। मुख्य अतिथि द्वारा विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। बच्चों के चेहरों पर अत्यधिक प्रसन्नता दिखाई दी। प्रधानाचार्य अर्चना सिंह ने सभी को धन्यवाद करते हुए सभी को स्वस्थ एवं खुशहाल ग्रीष्मावकाश की बधाई दी।

# आयोजित सेमिनार में स्कूली शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर हुई चर्चा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के स्वतःस्फूर्त नवाचारी शिक्षकों द्वारा ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में प्राथमिक शिक्षा'' विषयक जनपद स्तरीय एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन अटल बिहारी वाजपेई सभागार, जिला पंचायत परिषद परिसर, अयोध्या में किया गया। इसमे बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 32 शिक्षक शिक्षिकाओं ने शोधपत्र प्रस्तुत किये और 80 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया।इस सेमिनार का आयोजन संयोजक मंडल डॉ रजनीरंजन जायसवाल, डॉ योगेंद्र नाथ पांडे, डॉ योगेश्वर सिंह और डॉ अंबिकेश त्रिपाठी के संयोजन और बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय और डीसी सुनील कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में किया गया।इस सेमिनार का औपचारिक उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन करके किया गया।इस मौके पर इस सेमिनार का संचालन डॉ योगेश्वर सिंह ने किया। उदघाटन सत्र में ही अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।प्रथम सत्र, जिसका विषय ''आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता का महत्व एवं क्रियान्वयन'' था, में मुख्य रुप से संतोष कुमार गुप्ता, गीता वर्मा, विजय प्रताप सिंह, शशि साहू, दीपसुधा सिंह, अल्केश तथा रणजीत सिंह ने अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए।सत्र के चेयरपर्सन बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय और डॉ अंबिकेश त्रिपाठी रहे। द्वितीय सत्र का उद्घाटन डायट प्राचार्य श्रीमती संध्या श्रीवास्तव द्वारा किया गया जिसका विषय ''ईसीसीईः प्री–प्राइमरी के क्रियान्वयन की रूपरेखा'' था, इसमें शोध पत्र प्रस्तुत करने वालों में प्रमुख



रूप से डॉ रजनीरंजन जायसवाल, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, रितु जमाल, कृष्ण प्रताप सिंह, रिचा उपाध्याय, उपेंद्र सिंह आदि रहे। इस सत्र के चेयरपर्सन एसआरजी श्री मनीष रस्तोगी और डॉ योगेंद्र नाथ पांडे थे।वही लंच के उपरांत तीसरे सत्र की चेयरपर्सन डायट प्रवक्ता कुमारी प्रतिमा चतुर्वेदी एवं जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) सुनील कुमार श्रीवास्तव थे। इसमें शोध पत्र प्रस्तुत करने वालों में मुख्य रूप से सदक ए हुसैन, डॉ दिनेश कांत पांडे, डॉ अनामिका मिश्रा, श्रीमती शिप्रा श्रीवास्तव, डॉ कपिलेंद्र कुमार सिंह और अरविंद कुमार तिवारी रहे। चतुर्थ प्रश्नोत्तर सत्र बीएसए संतोष कुमार देव पांडेय की अध्यक्षता और समस्त चेयर पर्सन की उपस्थिति में किया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों की पृच्छा और शंका का समाधान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) और डायट प्रवक्ता द्वारा किया गया। समापन सत्र में डायट प्राचार्य श्रीमती संध्या श्रीवास्तव द्वारा यह आवाहन किया गया कि ऐसे सेमिनार विकासखंड स्तर पर भी आयोजित किए जाने चाहिए।वही बीएसए संतोष कुमार देव पांडे ने समस्त प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और और संयोजक मंडल के इस अभिनव प्रयास की प्रशंसा की। सेमिनार का समापन सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरण के साथ किया गया।आयोजक मंडल ने बताया कि प्रस्तुत शोधपत्रों को संकलित कर शीघ्र ही एक स्मारिका का प्रकाशन भी किया जाएगा।

## उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए सभी अधिकारी बनाये समन्वय –मंडलायुक्त

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) आयुक्त सभागार में मण्डलीय उद्योग बन्धु की अध्यक्षता करते हुये आयुक्त नवदीप रिणवा ने कहा कि उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योग, बिजली, इन्फ्राट्रेक्चर व बैंकर्स से जुड़े सभी अधिकारी समन्वय बनाकर वे सभी सहुलियते उपलब्ध कराये जो एक उद्योग की स्थापना के लिए आवश्यक होता है। उन्होंने कहा कि मण्डल के किसी भी इन्डस्ट्रीरियल एरिया में बरसात का पानी एकत्र न हो यह सुनिश्चित करें कि जल निकासी के लिए नाली एवं नाले का निर्माण भी करायें।इस बैठक में आये उद्यमी ने अपनी–अपनी समस्यायें आयुक्त के समक्ष प्रस्तुत की, जिसके निराकरण के लिए जिलो के उपायुक्त उद्योग को शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए सम्बंधित जनपद के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी के समक्ष समस्याओं के रखने व शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये।उद्योगों को 24 घंटे बिजली आपूर्ति हो तथा पावर ट्रिप न होने पाये यह सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि इस सम्बंध में वे स्वयं विद्युत विभाग के एमडी से बात करेंगे।इस मौके पर आयुक्त ने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री द्वारा स्वरोजगार सृजन योजना पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने सभी उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, बैंक प्रतिनिधियों को इस योजना में अधिक से अधिक त्वरित गति से लोन स्वीकृति करने के निर्देश दिये है। उन्होंने स्वनिधि योजना पर भी विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता बतायी। बैठक में संयुक्त आयुक्त उद्योग एच0पी0 सिंह, उपायुक्त उद्योग सविता भारती रंजन, उपायुक्त उद्योग अयोध्या आशुतोष सिंह, उपायुक्त उद्योग बाराबंकी उमेश चन्द्र, क्षेत्रीय प्रभारी यू0पी0एस0आई0डी0 अयोध्या के0एन0 श्रीवास्तव, महामंत्री लघु उद्योग अयोध्या आशीष अग्रवाल, संजीव गोयल, अनुराग मिश्रा सहित उद्योग, बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# आर के टी. एकेडमी में तीन दिवसीय समर कैम्प का रंगारंग हुआ शुक्रवार को समापन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) आर के टी एकेडमी में समापन दिवस का शुभारंभ मुख्य अतिथि मानवता व इंसानियत की मिशाल प्रस्तुत करने वाले जिले के इनायत नगर थाना की शाहगंज चौकी पर तैनात चौकी प्रभारी जे. के. अवस्थी व उनकी टीम ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया।इस समर कैंप में विद्यालय के बच्चो ने साइंस प्रोजेक्ट (हार्ट मॉडल , कूलर, एसिड रेन, डिजास्टर मैनेजमेंट), आर्ट एंड क्राफ्ट, मेंहदी प्रतियोगिता, इनडोर गेम, रंगोली प्रतियोगिता, नॉन थर्मल कुकिंग, योगा, डांस जैसी अन्य गतिविधियों में प्रतिभाग किया। वहीं छोटे बच्चो की पूल पार्टी करवाई गई जिससे बच्चो को गर्मी से राहत मिली। साइंस प्रोजेक्ट स्टॉल व बच्चों की एक्टिविटी का अवलोकन करने के पश्चात अति प्रसन्न मुख्य अतिथि जय किशोर अवस्थी ने बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए 5100 रुपए का नगद पुरस्कार दिया और विद्यालय परिवार सहित उपस्थित लोगों की मुग्ध कंठ से प्रशंसा की।इस विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य बच्चों में सृजनात्मक सोच का विकास करने के साथ साथ भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए आत्मबल की मजबूती हेतु प्रेरित करना है। मौके पर विद्यालय की एम. डी. सुनीता यादव ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। फाउंडर राम तेज यादव, सुनीता यादव तथा विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रियंका शुक्ला ने मुख्य अतिथि व उनकी टीम को स्मृति चिन्ह,श्री शिव महापुराण ग्रंथ, डायरी व पेन देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया। इस आयोजन को सफल बनाने हेतु राम कृपाल,मनीष कुमार, अनुपम दुबे, राजेश्वर श्रीवास्तव, केकेटी, विंदेश कुमार, राजेश ,संतोष,चांदनी ,कुसुम,अनुष्का, सुनीता तथा उपस्थित गणमान्य ब्यक्तियों व अभिभावकों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। बच्चों में जहां 40 दिनों के गर्म मौसम के अवकाश की खुशी झलक रही थी वहीं उक्त कार्यक्रम के कारण बच्चों का विद्यालय छोड़ने को भी दिल नहीं कर रहा था। शाहगंज चौकी प्रभारी भी बच्चों से खूब घुले–मिले नजर आ रहे थे उन्हें ऐसा प्रतीत हो रहा था कि वे भी मेहमान बनकर नहीं बल्कि बच्चों के साथ खेलने आए हैं। जहां तक मेरा अनुमान है कि पुलिस विभाग में तो बहुत कम लोग ऐसे होते हैं जो मानवता और इंसानियत की छाप छोड़ जाएं।जेके अवस्थी ने इस क्षेत्र में एक ऐसी मिशाल कायम कर दी है कि उनके बाद यहां आने वाले चौकी प्रभारियों के सामने लोग जय किशोर अवस्थी जी का ही गुणगान करेंगे।

# भाजपा मनायेगी सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) केन्द्र सरकार के 8 वर्ष 30 मई को पूरा हो रहा है। भाजपा इसको लेकर 30 मई से 15 जून तक देश भर में बूथ स्तर पर 8 साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण कार्यक्रम मनाने जा रही है। 1 जून से 13 जून के मध्य सभी जिला केन्द्रों पर गरीब कल्याण जनसभा का आयोजन होगा। जिसमें केन्द्र सरकार के लाभार्थी शामिल होंगे। इस जनसभा के लिए पांच हजार का लक्ष्य रखा गया है। इसके साथ में अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा। इस कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सर्किट हाउस में बैठक आयोजित की गयी।इस मौके पर सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार 8 साल का कार्यकाल स्वर्णाक्षरों में दर्ज हुआ है। देश के नेतृत्व की तारीफ आज विश्व के विकसित देश कर रहे है। कई मामलों में वह भारत का अनुसरण भी कर रहे है। गरीबों को समृद्ध बनाने की कार्ययोजना को जिस तरह सफलतापूर्वक लागू किया गया और योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ पात्रों तक पहुंचा। केन्द्र सरकार की यह सबसे बड़ी उपलब्धि है। गरीबों आवास, शौचालय, गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। किसानों व मजदूरों के विकास के लिए योजनाओं की श्रंखलाएं दी गयी है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि 25 मई से 31 जुलाई तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत विधानसभावार कमजोर बूथों की सूची तैयार करके उसे ए बी व सी कटेगिरी में बांटा जायेगा। 25 से 30 मई के मध्य कमिश्नरी स्तर पर कार्यशाला आयोजित होगी। जून माह में सांसद, विधायक व विधान परिषद सदस्य कमजोर बूथों पर जाकर संवाद करेंगे। सेवा सुशासन व गरीब कल्याण के नाम से 75 घंटे कार्यक्रम के तहत सभी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को प्रत्येक दिन वार्ड स्तर पर सेवा आधारित गतिविधियों में सहभागिता करनी है। 7 से 13 जून के मध्य तीन दिन की विकास तीर्थ बाईक रैली निकाली जायेगी। जिसमें दो रात्रि प्रवास भी होंगे। इस कार्यक्रम में 75 बाईक के साथ 150 युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शामिल होंगे। 1 से 14 जून तक बूथ सम्पर्क अभियान चलाया जायेगा। जिसमें कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, ओम प्रकाश सिंह, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईटीआई में छात्र छात्राओं को अयोध्या महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने वितरित किया टेबलेट

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)शहर के देवकाली क्षेत्र में स्थित जय गणेश शिव सागर महिला महाविद्यालय के कैंपस में सागर औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र (आईटीआई) में 19 मई 2022 को टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ ए समारोह का शुभारंभ आए हुए अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय, विशिष्ट अतिथि शीतला पाठक (अध्यक्ष, अवध जन शिक्षण संस्थान), मनोज श्रीवास्तव (पार्षद देवकाली), डॉ जनार्दन प्रताप (प्रताप मेडिकल सेंटर), प्रबंधक प्रमोद यादव और विकास पांडे ने किया प्टेबलेट वितरण के बाद मुख्य अतिथि ऋषिकेश उपाध्याय महापौर नगर निगम अयोध्या ने कहा कि सरकार द्वारा टेबलेट व स्मार्टफोन वितरण की योजना चल रही है। आज स्मार्ट सिटी, स्मार्ट प्रदेश और स्मार्ट देश बनाने की प्रक्रिया चल रही है इसी क्रम में को छात्र/ छात्राओं को टेबलेट मिलने से स्मार्ट बनने का सपना साकार हो रहा है। छात्रों को यह टेबलेट लेने के बाद स्वयं को और स्मार्ट बनाना है। आए हुए अतिथियों का सागर आईटीआई के प्रबंधक राम सागर यादव और प्रमोद यादव ने मुख्य अतिथि महापौर व विशिष्ट अतिथियों को माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता की प्रबंधक राम सागर यादव ने व मंच का संचालन सौरभ पांडे ने किया।इस मौके पर प्रबंधक राम सागर यादव ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को टेबलेट का उपयोग अपने ज्ञान को और बढ़ाने के लिए एवं आज के आधुनिक युग की नई–नई तकनीकों को जानने के लिए प्रयोग करना चाहिए जिससे उनका भविष्य उज्जवल हो सके। प्राइवेट आईटीआई एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र देव तिवारी, विनोद यादव प्रबंधक रामसुमेर आईटीआई, विनय सिंह प्रबंधक गीता देवी आईटीआई, प्रमोद यादव व पवन यादव जय गणेश ग्रुप आफ इंस्टिट्यूशन, सागर आईटीआई के अनुदेशक धनंजय यादव, आकाश वर्मा रहे मौजूद रहे।

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना खंडासा के वार्षिक निरीक्षण के दौरान चौकी प्रभारी खंडासा सहित अन्य कर्मियो को किया सम्मानित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे द्वारा थाना खंडासा का वार्षिक निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात चौकीदारों को धोती साफा व बेल्ट वितरित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद अयोध्या शैलेश कुमार पांडे द्वारा थाना खंडासा का वार्षिक निरीक्षण किया गया।वहीइसी कड़ी में वहां सर्वप्रथम गार्द की सलामी ली गई।तत्पपश्चात इनके द्वारा इस थाना परिसर का भ्रमण कर महिला हेल्पडेस्क साइबर हेल्प डेस्क सी0 सी0 टी0 एन0 एस0 कार्यालय बैराग मेस का निरीक्षण किया गया थाने के अभिलेखों को का भी गहनता से निरीक्षण भी किया और रखरखाव के संबंध में निदेश दिया गया सलामी गार्द को अच्छे टर्नआउट के लिए महोदय द्वारा सराहना कि गई तथा संबंधित को निर्देश दिया गया दंगारोधी उपकरणों व शास्त्रों की साफ–सफाई व त्रियाशीलता का भी निरीक्षण किया गया व चौकी इंचार्ज खंडासा उपनिरीक्षक श्री अश्वनी कुमार सिंह तथा आरक्षी मनीष कुमार को शस्त्र खोलने बांधने व शास्त्रो की अच्छी जानकारी के लिए महिला हेल्पडेस्क म0आरक्षी रमा देवी को उनके द्वारा पुरस्कृत भी किया गया निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर राकेश कुमार श्रीवास्तव थाना अध्यक्ष श्री संतोष कुमार सिंह सहित थाने के चौकीदार प्रभारी खंडासा अश्वनी सिंह चौकी प्रभारी बी ड़ी पांडे गौरव सिंह चौहान मुंशी कुमारगंज अयोध्या उपनिरीक्षक व सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## ज्ञानवापी पर अगर कुछ होगा तो छिड़ेगा बड़ा आंदोलन – हाजी महबूब

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता) बाबरी मस्जिद के पैरोकार रहे हाजी महबूब ने ज्ञानवापी मस्जिद मामले में बोलते हुए कहा कि राम जन्मभूमि और ज्ञानवापी मामले में बहुत फर्क है। भूल जाए की जबरदस्ती कोई चीज ली जा सकती है। बाबरी मस्जिद मामले में कोर्ट ने क्या फैसला दिया यह सभी को पता है। निचली अदालतों ने फैसला पक्ष में दिया और शीर्ष अदालत ने मंदिर के पक्ष में फैसला सुना दिया।उन्होंने कहा अब अगर कुछ होता है तो बहुत बड़ा आंदोलन छिड़ जाएगा। जो मुल्क को तबाह और बर्बादी के रास्ते पर ले जाएगा। हर वक्त मुसलमान दबेगा नहीं। उन्होंने कहा सीएम योगी आदित्यनाथ को सोचना चाहिए इस मामले को लेकर क्या स्टेप लिया जाए। मथुरा और ज्ञानवापी से खौफ पैदा किया जा रहा है। बजरंग दल और आरएसएस वाले सोचते हैं कि राम मंदिर की तरह मथुरा और ज्ञानवापी को भी ले लेंगे। उन्होंने कहा ज्ञानवापी मस्जिद है मस्जिद रहेगी।वहां कोई शिवलिंग में नहीं है।वह केवल फव्वारा है।

# सरकार को बदनाम करने की नियत से राशन कार्ड को लेकर चल रही फर्जी खबरें

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोशल मीडिया पर सरकार को बदनाम करने की नियत से बहुत ज्यादा फर्जी मैसेज राशन कार्ड को लेकर के चलाए जा रहे हैं।इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों ने लोगों से अनुरोध किया है कि फर्जी खबरों से बचें, राशन कार्ड जो पात्र गृहस्थी वाले हैं उसमें मोटरसाइकिल होने पर या पक्का मकान होने पर कैंसिल होने का कोई नियम नहीं है ,नियम यह है की आपकी आमदनी 25000 मासिक से ज्यादा नहीं होनी चाहिए ,मकान यदि खुद का बनाया हुआ है तो लगभग 900 वर्ग फीट से ज्यादा नहीं होना चाहिए यदि पैतृक है तो आपको मकान के साइज को लेकर के डरने की जरूरत नहीं है।एसी नहीं होना चाहिए घर में चार पहिया वाहन नहीं होना चाहिए।5 किलोवाट से ज्यादा घर का लोड नहीं होना चाहिएसमोटरसाइकिल और कच्चे मकान का नियम केवल अंत्योदय कार्ड धारकों के लिए (जो लाल रंग का होता है) हैं, जो अंत्योदय कार्ड धारक हैं उनके पास मोटरसाइकिल और पक्का मकान नहीं होना चाहिये।मोटरसाइकिल और पक्का मकान होने पर आपका राशन कार्ड(जो सफेद रंग का है) निरस्त नहीं होगा।

## विकासखंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य की सकुशल बैठक संपन्न

अयोध्या।(डा.अजय तिवारी जिला संवाददाता)जिले के सोहावल विकासखंड में क्षेत्र पंचायत सदस्य की सकुशल बैठक संपन्न हुई।इस बैठक में ब्लाक प्रमुख अनिल प्रियदर्शी,विधायक प्रतिनिधि बड़े बाबू सर्वेश सिंह चौहान, खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता की मौजूद रहे।वही क्षेत्र पंचायत सदस्य से क्षेत्र पंचायत में उपलब्ध पंचम वित्त आयोग 15 वा वित्त आयोग मनरेगा की धनराशि से कराए जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव मांगा गया।जिसमें कुल 130 प्रस्ताव बैठक में प्राप्त हुआ।ग्राम प्रधान ने अपनी समस्या को उठाते हुए कहा कि वर्तमान में ईट तथा अन्य निर्माण सामग्री की मूल्य पीडब्ल्यूडी से उपलब्ध निर्धारित दर से काफी अधिक दर पर बाजारों में उपलब्ध होने के कारण विकास कार्य न करा पाने की समस्या उठाई गई।बैठक में पिरखोली ग्राम प्रधान कप्तान तिवारी, सनहा प्रधान अमरीश पांडे, करेऊ ग्राम प्रधान गिरजेश त्रिपाठी, कपासी प्रधान विष्णु निषाद, सहित अधिक संख्या में प्रधान व ब्लॉक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# चित्रकला के मेधावियों को किया गया सम्मानित

अयोध्या।(अमित कुमार मणि त्रिपाठी संवाददाता) अंतरराष्ट्रीय रामकथा संग्रहालय एवं आर्ट गैलरी के तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के अवसर पर आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय सप्ताह के तहत शुक्रवार को निःशुल्क कलात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।वही कलाकारों, शिक्षकों व विद्यार्थियों द्वारा संग्रहालय का नियमित भ्रमण पांच दिनों तक चलता रहा। चित्रकला प्रतियोगिता के विभिन्न वर्ग में प्रथम पुरस्कार के लिए कृपा शंकर गुप्त, द्वितीय पुरस्कार आशा गुप्ता, तृतीय पुरस्कार प्रवीण कुमार व सांत्वना पुरस्कार के रूप में रिया प्रजापति, कंचन मौर्या, प्रिया रावत, सोनाली मौर्या, अनुज श्रीवास्तव व खुशबू जायसवाल को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में कला मर्मज्ञ मानस तिवारी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में कवि व चित्रकार गया प्रसाद आनन्द व अन्य अतिथियों के रूप में मनीराम विश्वकर्मा, कला वीथिका सहायक अनुपमा सिंह, शिव कुमार, वीरेन्द्र कुमार, रुचिता यादव, कामिनी शर्मा, वन्दना शाह,अरुण कुमार, इमरान खान ने आर्शीवचन दिया। सम्मान समारोह में बस्ती से आये हुए मूर्तिकार प्रवीण कुमार ने संग्रहालय को भरत की हस्त निर्मित एक बड़ी मूर्ति व खुशबू जायसवाल ने एक पेन्टिंग भेंट की। उत्कृष्ट छायाचित्रों व अन्य कलाकृतियों की प्रदर्शनी का भी आयोजन हुआ। संग्रहालय के उपनिदेशक योगेश कुमार व कार्यक्रम संयोजक एसबी सागर ने संयुक्त रूप से आए सभी कलाकारों, अतिथियों व दर्शकों को संग्रहालय के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया।

## यूपी के सभी जिलों में 24 घंटे में हटाएं अवैध पार्किंग व स्टैंड

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अवैध वाहन स्टैंड व पार्किंग संचालकों पर सख्त कार्रवाई करने जा रही है।हर जिले में चलने वाले अभियान के दौरान चिह्नित संचालकों पर गैंगस्टर व गुंडा एक्ट लगेगा। इतना ही नहीं अवैध वसूली से अर्जित संपत्ति भी जब्त की जाएगी। सड़क सुरक्षा के लिए हर जिले में अवैध पार्किंग व वाहन स्टैंड खत्म होंगे। इसके लिए 24 घंटे में ही विशेष अभियान चलाने का आदेश दिया गया है।ये कदम सड़क सुरक्षा के लिए अवैध पार्किंग व वाहन स्टैंड खत्म करने के तहत उठाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो दिन पहले वीडियो कांफ्रेंसिंग में जो निर्देश अफसरों को दिए थे, उसी संबंध में विस्तृत शासनादेश जारी हो गया है।इस आदेश में कहा गया है कि प्रदेशभर के अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि सड़क किनारे अवैध अतिक्रमण या पार्किंग और स्टैंड आदि पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। सड़कों के किनारे अवैध रूप से वाहन खड़े होने पर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, परिवहन व पुलिस विभाग क्रेन लगाकर वाहनों को जब्त करें।

# अज्ञात वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर जयपुरिया स्कूल के छात्र की हुई मौत

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) जिले के कोतवाली नगर अंतर्गत हाईवे गोमती हॉस्पिटल के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में मारी टक्कर जयपुरिया स्कूल के छात्र की मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार रिया थ सिंह पुत्र रमेश सिंह आयु लगभग 12 वर्ष निवासी धनीराम का पुरवा कोतवाली नगर जनपद अयोध्या आज प्रातः लगभग 7:30 बजे अपने पिता के साथ कॉलेज जा रहा था की तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मारकर रियार्थ सिंह को घायल कर दिया घायल को पिता रमेश सिंह द्वारा प्रातः लगभग 8:30 बजे जिला चिकित्सालय लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर सुनीति ने परीक्षण कर मृतक घोषित किया चिकित्सक द्वारा शव को मोर्चरी में रखवा ने की कार्यवाही की जा रही थी कि परिजनों द्वारा पोस्टमार्टम ना कराए जाने की बात कह कर शव को घर ले गए घटना की सूचना पाते ही अयोध्या नगर विधायक वेद गुप्ता के प्रतिनिधि अमल गुप्ता द्वारा मृतक के आवास पर पहुंचकर परिजनों में ढाढस बंधाया वही नगर कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के अंसार वाहन का पता किया जा रहा है।

# मीटर रीडर विभाग को लगा रहे चूना : एसडीओ की जांच में पकड़ी गई चोरी

अयोध्या।(डा.आलोक श्रीवास्तव अयोध्या संवाददाता) विजली विभाग के कर्मियो के मुताबिक इस समय रीडिंग बैलेंस में हेराफेरी कर मीटर रीडर पावर कार्पोरेशन को लाखों का चूना लगा रहे हैं।इसका खुलासा रुदौली तहसील क्षेत्र के नरौली गांव में विद्युत चेकिंग के दौरान हुआ।यहां मीटर रीडर कम बिलिंग दिखाकर लगभग 181000 रुपए का विभाग की चूना लगाया है।इस संबंध में रुदौली के उपखंड अधिकारी राजेश कुमार सिंह बुधवार को नरौली गांव में टीम के साथ कैंप लगाकर बकाया बिल वसूलने व गलत बिलिंग सहित अन्य समस्याओं का निराकरण कर रहे थे।वही कैंप में बकायेदारों से लगभग 65 हजार रुपया वसूल भी किया गया।अवर अभियंता श्रवण कुमार ने बताया कि इस दौरान 18 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन काटे जाने की कार्रवाही भी गई। जेई ने बताया कि इसके बाद टीम के साथ उपखंड अधिकारी ने लगभग दो दर्जन से अधिक उपभोक्ताओं की मीटर रीडिंग की भी चेकिंग की।चेकिंग के दौरान बड़े पैमाने पर मीटर रीडर द्वारा गलत बिलिंग करने का मामला सामने आया है।उपखंड अधिकारी के मुताबिक लगभग 35 उपभोक्ताओं के मीटर में मीटर रीडर द्वारा रीडिंग बैलेंस में काफी अंतर पाया गया गया।मीटर रीडर ने इन उपभोक्ताओं के मीटर में कम बिलिंग कर लगभग 181000 रुपए का विभाग को चूना लगाया।टीम मे समर बहादुर,संजय कुमार,शिवलाल,सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।उपखंड अधिकारी ने बताया कि इस मामले में बिलिंग एजेंसी से एक लाख इक्यासी हजार छः सौ बत्तीस रुपए की रिकवरी कराई जायेगी।

## हाइवे पर ट्रकों का सर्विस सेंटर बनने के चलते आये दिन हो रहे सड़क हादसे

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)यदि आप फोरलेन की सर्विस रोड से आना–जाना चाहते हैं तो यह इरादा छोड़ दीजिए।फोरलेन के साथ ही 'सर्विस' रोड ट्रकों का सर्विस सेंटर बन चुका है।सूत्र के मुताबिक अयोध्या–गोरखपुर फोरलेन पर हवाई पट्टी से आगे बढ़ने पर सर्विस रोड पर सिर्फ ट्रकों का ठिकाना रहता है।ऐसे में कोई भी चार पहिया वाहन तक सर्विस रोड से नहीं आ–जा सकता। यह हाल तब है, जब 18 मई को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिया था कि अवैध टेंपो स्टैंड हटाए जाए, लेकिन शहर में जहां अवैध टेंपो स्टैंड से यातायात व्यवस्था चरमराई है तो फोरलेन पर ट्रकों के ठिकाने से। अयोध्या–गोरखपुर फोरलेन पर हवाई पट्टी से आगे बढ़ने पर दोनों ही ओर इंजीनियरिग कालेज तक की सर्विस रोड पर ट्रकों का आधिपत्य रहता है। हाल यह है कि चार पहिया तो दूर दोपहिया वाहन भी आसानी से नहीं निकल सकते। कारण यह है कि ट्रकों की मरम्मत के दौरान सड़क पर मोबिल आदि गिरा रहता है, जिससे दो पहिया वाहनों के फिसलने का भय रहता है। कई बार इसी वजह से हादसे भी हो चुके हैं, लेकिन न तो परिवहन विभाग और न ही प्रशासन सर्विस रोड को खाली कराने की दिशा में कदम उठा सका है। हां, वीआइपी दौरे के समय सर्विस रोड को अवश्य खाली कराया जाता है।फोरलेन की सर्विस रोड को खाली कराने के लिए शीघ्र कदम उठाया जाएगा। सर्विस रोड पर ट्रकों को खड़ा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।–संजय सिंह, संभागीय परिवहन अधिकारी एवं प्रशासन के लोगों ने दुकानों को हटाने का किया है निर्णय। फोरलेन से ट्रकों की वर्कशाप व भारी वाहनों की मरम्मत की दुकानों को हटाने का निर्णय गत वर्ष ही लिया गया था, लेकिन प्रशासन अपने ही निर्णय को लागू नहीं करा सका। अयोध्या–गोरखपुर फोरलेन पर हवाई पट्टी से आगे बढ़ने पर इंजीनियरिग कालेज तक दोनों ओर ट्रकों की वर्कशाप और मरम्मत की दुकानें हैं। यहां रोजाना सुबह से शाम तक सर्विस रोड पर ट्रकों की मरम्मत चलती रहती है।


सम्पादक मंडल

पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"

पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक

श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक

श्रीमती हेमा त्रिपाठी

मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1

deshkiupasanadailynews@gmail.com



उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही

समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।